Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 273 | शनिवार, 04 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आज युवाओं को तोहफा देंगे प्रधानमंत्री मोदी

# 62000 करोड़ की योजनाएं करेंगे लॉन्च, बिहार पर रहेगा फोकस



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री मोदी आज युवाओं और शिक्षा से जुड़ी कई बड़ी योजनाओं की सौगात देंगे। इन योजनाओं का विशेष फोकस बिहार पर रहेगा। जिसमें पीएम-सेतु, स्किल लैब्स, ठकळ पटना का नया कैंपस भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज युवाओं और शिक्षा से जुड़ी कई बड़ी योजनाएं शुरू करने वाले हैं।

इन योजनाओं की कुल लागत 62,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। सरकार का कहना है कि इससे युवाओं की पढ़ाई, स्किल ट्रेनिंग (कौशल विकास) और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। पीएम मोदी 'प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई (पीएम-सेतु)' नाम की नई योजना लॉन्च करेंगे। इसके तहत देशभर के 1,000 सरकारी आईटीआई कॉलेज आधुनिक बनाए जाएंगे। इसमें 200 आईटीआई 'हब' होंगे और 800 आईटीआई उनसे जुड़े रहेंगे। हर हब में नई तकनीक, डिजिटल लर्निंग, इनोवेशन सेंटर, ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स और प्लेसमेंट सर्विस होगी। इसे वर्ल्ड बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक भी सहयोग देंगे। पहली कड़ी में बिहार के पटना और दरभंगा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 400 नवोदय विद्यालय और 200 एकलव्य मॉडल स्कूलों में 1200 स्किल लैब्स खोली जाएंगी। इसमें बच्चों को 12 प्रमुख सेक्टर जैसे आईटी, ऑटोमोबाइल, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन में ट्रेनिंग मिलेगी। इसके लिए 1200 विशेष शिक्षक भी तैयार किए जाएंगे।

## हमास अमेरिकी प्रस्ताव से सहमत मध्यस्थता वार्ता भी करेगा

### ट्रंप बोले- शांति के लिए अहम कदम

**नई दिल्ली।**

हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि हमास को रविवार शाम तक इस सौदे पर सहमति देनी होगी, अन्यथा गाजा में सैन्य कार्रवाई और तेज हो सकती है। कुछ घंटे बाद ही हमास अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रस्ताव पर सहमत हो गया। हमास ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा प्रस्ताव के तहत सभी इजरायली बंधकों को रिहा करने पर सहमति जताई है। एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार हमास ने यह भी संकेत दिया कि वह तुरंत मध्यस्थता वार्ता में शामिल होने के लिए तैयार है, ताकि बंधकों की रिहाई और अन्य शर्तों पर विस्तार से चर्चा की जा सके। यह घोषणा ट्रंप के उस बयान के कुछ घंटे बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि हमास को रविवार शाम तक इस सौदे पर सहमति देनी होगी, अन्यथा गाजा में सैन्य कार्रवाई और तेज हो सकती है। हमास ने कहा कि वह प्रस्ताव के फॉमूर्ला के अनुसार बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार है, संभवतः इसमें फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई शामिल है। साथ ही, उसने लंबे समय से अपनाई गई नीति के अनुसार सत्ता को एक राजनीतिक रूप से स्वतंत्र फिलिस्तीनी निकाय को सौंपने की अपनी तत्परता दोहराई। लेकिन गाजा पट्टी के भविष्य और फिलिस्तीनी अधिकारों से जुड़े कुछ पहलुओं पर सभी फिलिस्तीनी समूहों की सर्वसम्मत राय और अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर निर्णय लिया जाना चाहिए। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि हमास के हालिया बयान के आधार पर मुझे विश्वास है कि वे स्थायी शांति के लिए तैयार हैं। इस्राइल को तुरंत गाजा पर बमबारी रोक देनी चाहिए, ताकि बंधकों को सुरक्षित और जल्दी बाहर लाया जा सके। यह केवल गाजा का मामला नहीं है, यह पूरे पश्चिम-एशिया के लिए लंबे समय से चाही गई शांति है। उन्होंने यह भी कहा कि बंधकों की सुरक्षा के लिए फिलहाल स्थिति काफी जोखिमपूर्ण है, इसलिए दोनों पक्षों के बीच शांति प्रक्रिया और विवरणों पर चर्चा जारी है।

ट्रंप ने जोर देकर कहा कि हमास के साथ समझौता केवल युद्ध विराम या अस्थायी समाधान नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।



### 'यह सिर्फ गाजा नहीं, पूरे पश्चिम-एशिया के लिए शांति'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास के शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने के फैसले पर संतोष व्यक्त किया। ट्रंप ने कहा कि यह मुद्दा केवल गाजा की शांति तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे पश्चिम-एशिया क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित स्थायी शांति की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### यूपी में आरक्षण बंटवारे पर सुभासपा ने राजनीतिक दलों से मांगी राय

**लखनऊ।** सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करने को लेकर एक बार फिर प्रदेश में सियासत तेज हो गई है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कई राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को पत्र लिखकर सामाजिक न्याय समिति और रोहिणी आयोग की रिपोर्ट पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की है। राजभर ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, बसपा सुप्रीमो मायावती, राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद और अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को पत्र भेजकर विचार मांगे हैं।

## बोकारो स्टील प्लांट की बड़ी उपलब्धि, देश में तैयार होगा सोलर पैनल के निर्माण में उपयोग होने वाला स्टील

**बोकारो।**

आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में बोकारो स्टील प्लांट ने एक बड़ी उपलब्धि दर्ज कर रहा है। सोलर पैनल निर्माण में उपयोग होने वाला विशेष किस्म का स्टील, जो अब तक विदेशों से आयात करना पड़ता था, बोकारो तैयार कर देश की जरूरतों को पूरा कर रहा है। बोकारो स्टील के इस प्रयास से न केवल विदेशी निर्भरता घटेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर उद्योग और तकनीक की क्षमता भी मजबूत होगी। बोकारो, जिसे देश का स्टील सिटी कहा जाता है, अब ऊर्जा क्रांति में भी अपनी अहम भूमिका दर्ज करा रहा है। विशेषज्ञ इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान की एक बड़ी छलांग मान रहे हैं। राष्ट्रीय सौर मिशन (एनएसएम) भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है। उसके तहत काम करने वाली कंपनियों का आर्डर फिलहाल बोकारो इस्पात के पास है।




एचडीजी स्टील का उपयोगः बोकारो स्टील प्लांट अपने हॉट-डिप गैल्वनाइज्ड स्टील, विशेषकर गैल्वनाइज्ड कॉइल्स और शीट्स, का उपयोग सोलर पैनल संरचनाओं में करेगा। गैल्वेनाइजेशन प्रक्रिया में स्टील पर जिंक की कोटिंग की जाती है, जिससे यह जंगरोधी और लंबे समय तक टिकाऊ बनता है। खुले वातावरण और बदलते मौसम में भी इसकी मजबूती बरकरार रहती है। यह स्टील सोलर पैनलों को सहारा देने वाली ढांचागत संरचनाओं को आवश्यक शक्ति और स्थिरता प्रदान करता है, जिससे पैनल तेज हवा, धूप और बारिश जैसी परिस्थितियों का सामना कर पाते हैं। बीएसएल का यह प्रयास न केवल उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात उपलब्ध कराता है, बल्कि अक्षय ऊर्जा ढांचे को मजबूत करेगा। सामान्य स्टील से यह तीन से चार हजार रुपये महंगा है। इससे अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी।

### यूपी में पुलिस के वायरलेस सिस्टम में होगा बड़ा बदलाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की दूरसंचार प्रणाली भी जल्द और प्रभावी होगी। इसके लिए इंटरनेट आधारित वायरलेस तकनीक का उपयोग किए जाने की तैयारी है। रेडियो मुख्यालय में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न तकनीकों की चर्चा की गई। उप्र पुलिस रेडियो के 84वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में डीजी टेलीकाम आशुतोष पांडेय व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने नई तकनीकी व भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की। प्रस्तुतिकरण भी दिए। पीओसी (पुश टू टाक ओवर सेल्युलर) तकनीक पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में पुलिस प्रणाली में दक्षता, आत्मनिर्भरता व गुणवत्तापूर्ण कार्य पर बल दिया गया। विभाग में प्रधानमंत्री के पंच-प्रण को देश हित में बताते उनके अनुपालन पर विशेष बल दिया गया।

## 'बांग्लादेश में हिंसक झड़पों में भारत का कोई हाथ नहीं'



**नई दिल्ली।**

भारत ने बांग्लादेश के अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें कहा गया था कि देश में जारी उथल-पुथल और हिंसक झड़पों के पीछे भारत का हाथ है। पिछले सप्ताह दक्षिण-पश्चिमी बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी क्षेत्र के खगराछारी जिले में हुई झड़पों के बाद, मौजूदा गृह मंत्री जहांगीर आलाम चौधरी ने आरोप लगाया था कि भारत हिंसा को बढ़ावा दे रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इन आरोपों को निराधार और झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार देश में कानून और व्यवस्था को कायम नहीं रख पा रही है और दूसरों पर दोष मढ़ रही है। उन्होंने कहा कि चटगांव पहाड़ी क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और भूमि हड़पने वाले स्थानीय चरमपंथियों की कार्रवाई पर गौर कराना बेहतर होगा। पिछले हफ्ते दुष्कर्म की एक घटना के बाद जिले में हिंसा फैली थी। कनाडा के साथ मिलकर तय करेंगे सुरक्षा सहयोग

लारेंस विश्नोई गिरोह को कनाडा में आतंकी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत और कनाडा आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने सहित सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने 18 सितंबर को डोभाल और ड्रोइन के बीच हुई बातचीत का भी उल्लेख किया।

**विदेश मंत्रालय ने इन दावों को किया खारिज**


## पाकिस्तान पर बरसे राजनाथ सिंह

# 'देश और नागरिकों पर आंच आई तो हर सीमा पार कर सकता है भारत'

**हैदराबाद।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राजग सरकार ने कई बार साबित किया है कि देश के एकता और अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हम कोई भी सीमा पार कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक और हाल में ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमने साबित कर दिया है। जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (जेआइटीओ) के जीतो कनेक्ट कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पहलगाम में लोगों को धर्म के आधार पर चुन-चुनकर मारा गया, लेकिन जब भारत ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो उसने धर्म नहीं देखा। राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया ताकि पहलगाम आतंकी हमलों के जिम्मेदारों को सजा दी जा सके। हमने किसी सैन्य या नागरिक प्रतिष्ठानों पर कभी हमला नहीं किया। अगर हम चाहते, तो पहले ही कर सकते थे, लेकिन हमने नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि हम अपनी सैन्य और आर्थिक ताकत को किसी प्रभुत्व के लिए नहीं बढ़ा रहे, बल्कि भगवान महावीर की शिक्षाओं में प्रतिबिंबित धर्म, आस्था और मानवीय मूल्यों के आदर्शों की रक्षा के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बात जब भारत के गौरव और साख की आती है तो हम समझौता नहीं करते। राजनाथ ने कहा कि राजग सरकार के 11 साल के कार्यकाल में देश का रक्षा निर्यात 600 करोड़ से बढ़कर 24 हजार करोड़ पर पहुंच गया है। 2029 तक इसके 50 हजार करोड़ पार कर जाने का अनुमान है।



## दिल्लीवासियों को मिलेगा सिर्फ 5 रुपये में भरपेट भोजन अटल कैंटीन की तैयारियों अंतिम रूप दे रहा डूसिब

**नई दिल्ली।**

दिल्ली कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) अटल कैंटीन की तैयारियों को अंतिम रूप से रहा है। इस योजना के तहत शहर की झुग्गी बस्तियों के निवासियों को केवल पांच रुपये प्रति प्लेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। डूसिब के अनुसार भोजन मौके पर तैयार नहीं किया जाएगा। इसे बनाकर लाया जाएगा और इसे बांटने के लिए स्थान निर्धारित किए जाएंगे। सरकार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर से शहर भर में 100 कैंटीन स्थापित करने की योजना बना रही है। इसके लिए डूसिब द्वारा जारी एक अधिसूचना में जेजे क्लस्टरों में उपयुक्त स्थानों की पहचान करके आवश्यकतानुसार केंद्रों का डिजाइन तैयार करने और योजना के संचालन ढांचे को पूरा करने के लिए कहा गया है।



## बिहार में बालू-शराब माफियाओं की अब खैर नहीं

**पटना।**

राज्य में बालू एवं शराब माफिया के साथ संगठित अपराध में शामिल अपराधियों की संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया में अब तेजी आएगी। राज्य कैबिनेट ने इसके लिए बिहार आपराधिक प्रक्रिया (अभिरक्षा एवं संपत्ति का निस्तार) नियमावली 2025 के गठन के प्रस्ताव की स्वीकृति दे दी है। अभी तक राज्य में अपराधियों की संपत्ति जब्ती के लिए स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित नहीं थी। इसके साथ ही राज्य में छोटे अपराध करने पर दोषियों को सामुदायिक दंड भी दिया जा सकेगा। इसके लिए भी नियमावली का गठन किया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-23 के तहत इसका प्रविधान किया गया है। राज्य कैबिनेट ने इसे लागू करने के लिए बिहार सामुदायिक सेवा नियमावली, 2025 गठित करने की स्वीकृति दी है। डायल-112 वाहनों के परिचालन कार्य के लिए आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन एजेंसी से सेना के रिटायर्ड चालकों की स्वीकृत मानदेय की राशि को 25 हजार 750 रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये मासिक करने की स्वीकृति दी गई है।



## संपादक की कलम से

# आर्थिक संतुलन बनाए



ललित शर्मा
संपादक

देश में केंद्रीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों के संबंध में जो फैसला लिया जाता है, उसका असर मुख्यत: बाजार में ऋण चुकाने के लिए मासिक किस्तों पर किसी वस्तु की खरीदारी से लेकर जमीन–जायदाद के कारोबार पर भी पड़ता है। इसलिए जब भी रेपो दरों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होती है, तब इसे लेकर आम लोगों के बीच उत्सुकता रहती है। हालांकि ज्यादातर साधारण लोगों को अर्थव्यवस्था के जटिल नियम–कायदों से बहुत वास्ता नहीं होता और वे ऐसे फैसलों के अमल के बाद बनने वाली स्थितियों पर निर्भर रहते हैं कि उनकी जेब ढीली होगी या उन्हें राहत मिलेगी। गौरतलब है कि बुधवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद यह घोषणा की गई कि इस बार भी नीतिगत दरों में में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी बीते अगस्त की तरह अक्तूबर में ब्याज दर को 5.5 फीसद पर ही यथावत रखा गया है। कहा जा सकता है कि त्योहारों के इस मौसम में अगर लोगों को अतिरिक्त राहत नहीं मिली है, तो कोई बड़ा झटका भी नहीं लगा है। हालांकि पिछले कुछ समय से भारत सहित दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह की अनिश्चितता बनी हुई है, उसमें आम लोगों का आशंकित होना स्वाभाविक है। शादी की रात के अगले दिन 75 साल के बुजुर्ग दूल्हे की मौत से उठा पर्दा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुल गया राज, 35 की दुल्हन ने क्या बताया? नहीं माने तो तबाही होगी, ढूंढकर मारे जाओगे, डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम ट्रंप टैरिफ से हो रहे भारत को घाटे की भरपाई के लिए रूस ने उठाया बड़ा कदम, राष्ट्रपति पुतिन ने दिया संकेत दरअसल, अमेरिका की ओर से शुल्क लगाए जाने की नीति पर कदम बढ़ाने के बाद भारत सरकार ने आंतरिक मोर्चे पर अर्थव्यवस्था को संभालने और आम लोगों को राहत देने के लिए जिस तरह माल एवं सेवा कर के ढांचे में बदलाव करने सहित कुछ अन्य कदम उठाए, उसमें रेपो दरों को लेकर भी लोगों के बीच यह उम्मीद बंधी थी कि इसमें भी कोई राहत का संदेश आएगा। मगर केंद्रीय बैंक की ओर से इसे यथावत रखने की घोषणा के बाद अब संभव है कि लोगों को अपने आर्थिक मामलों में थोड़ा संतुलन का ध्यान रखना होगा। इससे पहले इस वर्ष रेपो दरों में तीन बार कटौती के साथ इसमें सौ आधार अंकों की कमी की जा चुकी है। जाहिर है, यह न केवल देश के भीतर आर्थिक उतार–चढ़ावों का सामना करने की कोशिश है, बल्कि फिलहाल दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर जैसी चुनौतियां खड़ी हैं, उसमें स्थिरता बनाए रखने के उपायों से अर्थव्यवस्था को संभालने में मदद मिल सकती है। केंद्रीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों को लेकर जो फैसले लिए जाते हैं, उसके तहत अगर इसमें कमी की जाती है, तो उसे मुख्य रूप से ऋण के लिहाज से सुविधाजनक माना जाता है। ऋण का सस्ता या महंगा होने का हिसाब इसी पर निर्भर करता है। इसका सीधा और पहला असर वैसे उपभोक्ताओं पर पड़ता है, जिन्होंने घर, वाहन या अन्य सामान या फिर शिक्षा के लिए बैंकों से कर्ज लिया होता है। चूंकि रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों के अनुरूप ही व्यावसायिक बैंक उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले ऋण और अन्य सावधि जमा के मद में ब्याज की दरों का निर्धारण करते हैं, इसलिए वैसे लोग भी रिजर्व बैंक की ओर से नीतिगत दरों में कमी किए जाने का इंतजार करते हैं, जो कर्ज सस्ता होने के बाद कुछ खरीदने या कहीं निवेश करने के बारे में सोच रहे होते हैं।

## उदय किशोर साह



## वृद्धजन को दें सम्मान

कविता

वृद्धजन हमारे लिये हैं भगवान
हर कोई देना इनको सम्मान
जो भी करेगा इनका अपमान
सजा पायेगा नरक में वो शैतान

वृद्धजन से है हमारी पहचान
इनसे है हमारी में आन बान शान
वंश वृक्ष की ये हैं बीज महान
इनकी ही कर्म से है हमारी मान

वृद्धजन हैं हमारी वजूद का नाम
इनके आर्शिवचन से पूरी अरमान
चौखट पे है इनसे घर की कमान
सिपहसलार है इनका ही काम

वृद्धजन जहाँ हो चुके है गुमनाम
उनके वशंज हो रहे हैं बदनाम
बुर्जुग के दिलो दिमाग से लें काम
हर घर में इनका हो सेवा व मान

वृद्धजन ने दी है हौसले आसमान
बच्चे के लिये है ये शिक्षा का धाम
अच्छे बुरे की कराते हैं ये पहचान
देना है भाई इनको हर कोइ मान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अमेरिकन जॉब्स फर्स्टरणनीति बनाम सामाजिक योजनाएं स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा के लिए अधिक फंडिंग प्राथमिकता नतीजा सरकारी शटडाउन



गोंदिया




वैश्विक स्तरपरअमेरिका जिसे दुनियाँ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक शक्तियों का प्रतीक माना जाता है, वहां ₹सरकारी शटडाउन₹ जैसी स्थिति समय-समय पर उत्पन्न होती रहती है।यह केवल प्रशासनिक ठहराव नहीं होता, बल्कि वैश्विक आर्थिक तंत्र, अंतरराष्ट्रीय राजनीति और बहुपक्षीय समझौतों पर भी गहरा असर डालता है। हाल ही में ट्रंप प्रशासन के दौर में एक बार फिर से यह शटडाउन सामने आया है। इसके पीछे केवल सरकारी खर्चों के बिल पर संसद (कांग्रेस) में सहमति न बन पाने की वजह नहीं है,बल्कि अमेरिकी लोकतांत्रिक ढांचे की गहरी खींचतान भी जुड़ी हुई है।ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान तीन बार शटडाउन हुआ था। 1980 के दशक में रोनाल्ड रीगन कार्यकाल में 8 बार शटडाउन हुआ था। अमेरिका के इतिहास में सबसे लंबा शटडाउन ट्रंप के पिछले कार्यकाल में ही हुआ था जो 35 दिन चला था।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं,कि ट्रंप भले ही पूरी दुनियाँ में टैरिफ लगाकर पैसे कमाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन आज अमेरिका की अर्थव्यवस्था संभवतःठीक नहीं है।अमेरिका में महंगाई ज्यादा है, अर्थव्यवस्था की विकास दर धीमी है। दुनियाँ में सबसे ज्यादा कर्ज आज अमेरिका पर है। अमेरिका पर दुनियाँ में कुल कर्ज का करीब 35 पर्सेंट हिस्सा है। आज अमेरिका पर 3 हजार 200 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है।चूँकि अमेरिका में शटडाउन लगा हुआ है।

साथियों बात अगर हम अमेरिका में सरकारी शट डाउन की स्थिति की करें तो,अमेरिका में सरकार ने काम करना बंद कर दिया है। क्योंकि ट्रंप सरकार के पास काम करने के लिए पैसे नहीं है।इसीलिए अमेरिका में सरकारी ऑफिस बंद हो रहे हैं और सरकारी कर्मचारियों को बिना सैलरी छुट्टी पर भेजा जा रहा है।दरअसल अमेरिकी सरकार को चलाने के लिए हर साल बजट पास करना जरूरी होता है। इस बजट के पास होने के बाद ही सरकारी कर्मचारियों को वेतन मिलता है। लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप इस बिल को पास नहीं करा पाए है। बिल को पास करने के लिए सीनेट में 60 वोटों की जरूरत होती है। बिल के समर्थन में 55 और विरोध में 45 वोट पड़े। एक तरह से अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति ट्रंप की हार है। बिल के पास नहीं होने से सरकार को मिलने वाला पैसा रोक दिया जाता है।इसके बाद अमेरिका में गैर जरुरी सरकारी कामकाज बंद हो जाता है और इसे शटडाउन कहा जाता है।शटडाउन होने से यह असर होगा कि,अमेरिकी सरकार अपने खर्चों को घटाएगी। गैर जरुरी सेवाएं और ऑफिस बंद हो जाएंगे। करीब 40 लाख लोगों की सैलरी पर असर होगा। बड़ी संख्या में लोगों की छंटनी होगी।शटडाउन अगर लंबे समय तक चलता है तो इकोनॉमी भी असर होगा। शटडाउन के दौरान मेडिकल सेवा, सीमा सुरक्षा और हवाई यातायात जैसी जरूरी सेवाएं जारी रहती है। अमेरिका में पिछले 50 साल में फंडिंग बिल अटकने की वजह से 20 बार शटडाउन हुआ है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे₹अमेरिकन जॉब्स फर्स्ट₹ रणनीति बनाम सामाजिक योजनाएं,स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा के लिए अधिक फंडिंग प्राथमिकता नतीजा ₹सरकारी शटडाउन₹। साथियों बात अगर हम अमेरिका में शटडाउन क्यों हुआ वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समझने की करें तो,अमेरिका की संघीय सरकार का बजट हर साल कांग्रेस (हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स और सेनेट) से पास होना आवश्यक होता है। लेकिन कई बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नीतिगत मतभेद इतने बढ़ जाते हैं कि बजट अथवा अस्थायी फंडिंग बिल (कंटिन्यूग रिसोलूशन) पारित नहीं हो पाता। इसी के चलते सरकारी एजेंसियों के पास अपने कर्मचारियों को वेतन देने या योजनाओं को चलाने के लिए धन समाप्त हो जाता है।यही स्थिति ₹शटडाउन₹ कहलाती है।हाल ही में शटडाउन की स्थिति इसलिए बनी क्योंकि ट्रंप प्रशासन द्वारा प्रस्तुत बजट और विपक्षी डेमोक्रेट्स की मांगों में सामंजस्य नहीं बैठ पाया।ट्रंप,अमेरिका- मैक्सिको सीमा पर सख्त आव्रजन नीति और ₹अमेरिकन जॉब्स फर्स्ट₹ रणनीति को बजट में प्राथमिकता दे रहे थे, जबकि विपक्ष सामाजिक योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के लिए अधिक फंडिंग चाहता था। नतीजा यह हुआ कि बजट पर सहमति नहीं बनी और सरकारी मशीनरी ठप पड़ गई। साथियों बात अगर हम अमेरिका में 'सरकारी शटडाउन' की स्थिति कब कहलाती है? इसको समझने की करें तो₹शटडाउन₹ की परिभाषा अमेरिकी राजनीतिक प्रणाली से जुड़ी है। जब कांग्रेस बजट या अस्थायी खर्च विधेयक पास नहीं करती, तब सरकार के पास ₹नॉन- एसेंशियल सर्विसेजर₹ के लिए धन खत्म हो जाता है।इसके परिणाम स्वरूप :लाखों सरकारी कर्मचारी या तो ₹बिना वेतन₹ घर बैठने के लिए मजबूर हो जाते हैं या उन्हें ₹फरलो₹ पर भेज दिया जाता है।राष्ट्रीय उद्यान,म्यूजियम, रिसर्च लैब्स, और कई तरह की सेवाएँ बंद हो जाती हैं।केवल₹एसेंशियल सर्विसेजर₹ जैसे,सेना, पुलिस, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएँ और हवाई यातायात नियंत्रण सीमित स्तर पर चलते रहते हैं।यदि शटडाउन लंबे समय तक जारी रहता है तो अर्थव्यवस्था की गति पर भारी असर पड़ता है।साधारण शब्दों में, जब सरकार के पास कर्मचारियों को वेतन देने और योजनाओं को चलाने के लिए ₹कानूनी स्वीकृत धन₹ नहीं होता, तो वही स्थिति ₹सरकारी शटडाउन₹ कहलाती है। साथियों बात अगर हमग्लोबल शटडाउन का खतरा- किसका मीटर डाउन होने वाला है? इसको समझने की करें तो, अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और इसका डॉलर वैश्विक रिजर्व करंसी है। इसलिए जब अमेरिका में शटडाउन होता है, तो इसका प्रभाव सीमित रूप से ही सही लेकिन पूरे विश्व पर पड़ता है।(1) वित्तीय बाजार पर असर- अमेरिकी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ जाता है, डॉलर कमजोर पड़ सकता है और सोना जैसी सुरक्षित संपत्तियों में निवेश बढ़ जाता है।(2) वैश्विक सप्लाई चेन-जब अमेरिकी प्रशासनिक एजेंसियाँ बंद हो जाती हैं,तो अंतरराष्ट्रीय व्यापार अनुमोदन, आयात-निर्यात क्लीयरेंस और सीमा शुल्क प्रक्रियाएँ प्रभावित होती हैं।(3) विकासशील देशों पर दबाव- वे देश जिनकी अर्थव्यवस्था अमेरिकी निवेश या सहायता पर निर्भर है,उन्हें सबसे ज्यादा झटका लगता है।(4) ग्लोबल शटडाउन का रूपक- यदि अमेरिकी शटडाउन लंबा खिंचता है, तो इससे विश्व अर्थव्यवस्था की गति मंद पड़ सकती है।यह₹ग्लोबल शटडाउन₹ जैसा असर डालता है, यानी पूरे सिस्टम का मीटर धीरे-धीरे डाउन होने लगता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि यह शटडाउन लंबा चलता है तो आईएमफ, वर्ल्ड बैंक और डब्लूटीओ जैसी संस्थाओं की कार्यशैली पर भी अप्रत्यक्ष दबाव पड़ सकता है, क्योंकि अमेरिका इन संस्थाओं में सबसे बड़ा दाता है। साथियों बात अगर हम भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर असर को समझने की करें तोभारत और अमेरिका के बीच पिछले कुछ वर्षों से व्यापार समझौते (ट्रेड डील) पर बातचीत जारी है। इसमें कृषि, सेवा क्षेत्र, डेटा ट्रांसफर, दवा उद्योग और डिजिटल बाजार से जुड़े कई बिंदु शामिल हैं। शटडाउन के कारण इन वाताओं पर भी असर पड़ सकता है।(1) प्रशासनिक रुकावट-अमेरिकी व्यापार विभाग और संबंधित एजेंसियों के कामकाज ठप होने से बातचीत की गति धीमी हो सकती है।(2)राजनीतिक अनिश्चितता - भारत यह समझने में असमंजस की स्थिति में है कि अमेरिकी नीति अगले कुछ महीनों में किस दिशा में जाएगी।(3) निवेश पर असर-अमेरिकी कंपनियाँ भारत में निवेश के फैसले स्थगित कर सकती हैं क्योंकि उन्हें अपने घरेलू हालात स्पष्ट होने तक इंतजार करना होगा।(4)रणनीतिक साझेदारी- हालांकि भारत और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी (जैसे रक्षा और टेक्नोलॉजी सहयोग) इतनी मजबूत है कि अल्पकालिक शटडाउन से टूटने वाली नहीं है,लेकिन अल्पावधि में इसके नकारात्मक संकेत जरूर मिल सकते हैं।इसलिए कहा जा सकता है कि शटडाउन भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता की रफ्तार को धीमा कर देगा, लेकिन इसे पूरी तरह रोक नहीं पाएगा। साथियों बात अगर हमअमेरिका में विपक्ष के पास इतने अधिकार कैसे आए कि ट्रंप का सिस्टम शटडाउन कर दिया? इसको समझने की करें तो अमेरिका का लोकतांत्रिक ढांचा ₹चेकस एंड बैलेंसस₹ के सिद्धांत पर आधारित है। इसमें राष्ट्रपति (एग्जीक्यूटिव),कांग्रेस (लेजिस्लेचर) और न्यायपालिका (जुडीशियरी) -तीनों शाखाओं को समान अधिकार और परस्पर नियंत्रण की शक्ति दी गई है।(1)कांग्रेस की शक्ति-बजट और कराधान से जुड़े सभी निर्णय कांग्रेस के हाथ में होते हैं।राष्ट्रपति केवल प्रस्ताव दे सकता है, लेकिन अंतिम स्वीकृति कांग्रेस ही देती है।(2)विपक्ष की भूमिका-यदि हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स या सीनेट में विपक्ष के पास बहुमत है, तो वह राष्ट्रपति के बजट प्रस्ताव को रोक सकता है।(3)ट्रंप के मामले में-डेमोक्रेट्स ने सामाजिक कल्याण योजनाओं और पर्यावरणीय मुद्दों पर अधिक बजट की मांग की, जबकि ट्रंप ₹अमेरिका फर्स्ट₹ एजेंडा को प्राथमिकता दे रहे थे। सहमति न बनने पर विपक्ष ने बजट को पारित होने से रोक दिया, जिससे शटडाउन हो गया।(4) लोकतंत्र का सार-यह स्थिति दशार्ती है कि अमेरिकी लोकतंत्र में विपक्ष केवल आलोचक नहीं है, बल्कि वह शासन की दिशा बदलने और रोकने की सटीक शक्ति भी रखता है।

# सांप का नहीं, आस्तीन के सांप का डर !



आत्माराम यादव
पीव वरिष्ठ पत्रकार

पत्रकार बाबू मोशाय की खबरों को पढ़ने के बाद क्या नेता क्या अधिकारी, अधिकांश के दिलों पर सांप लोटने की चचाओं के बीच यह ब्रेकिंग न्यूज चिड़ियाघर से एक खतरनाक सांप निकलकर शहर की और भाग गया, मेर शहर के हर आम-खास के दिलों-दिमाग पर सांप रेंगने की दहशत दिखाई दे रही थी। इस खबर पर सोसलमीडिया से जुड़ा वह व्यक्ति जिसके पास मोबाईल था की प्रतिक्रिया के कमेंट्स का अम्बार लग गया था। लोग पत्रकार बाबु मुसाय से पुंछ रहे थे, भैया अब तक आपकी खबरें दिल पर सांप लोटाती रही, हम सब सहन कर लिए किन्तु ये कैसी खबर है की सांप शहर की और भाग गया, जरा बता दीजिये की यह सांप कैसा है? कितना बड़ा है? किस जाति का है? क्या कोबरा है या धरतीपकड? उसकी उम्र और लम्बाई-चौड़ाई कितनी है? क्या यह किसी की आस्तीन में पला बढ़ा है या सच में सांप ही है ? एक मुगीर्पालक पाठक ने सवाल किया- क्या मुर्गा-मुर्गी का शिकार करता है, या उससे बड़े भी शिकार करता है? तमाम पत्रकारों ने दनादन सवाल दागे कि सांप आखिरीबार चिड़ियाघर में कब देखा गया? क्या खा पीकर मोटा-ताजा खतरनाक दिखने वाला यह पनिया सांप तो नही, जो शहर में न घुसकर किसी नाले-नाली मेंढक-मछली का शिकार करने रुक गया है? नही तो क्या कारण है कि वह अब तक शहर में किसी को क्यों नहीं दिखा? कहीं ऐसा तो नहीं कि यहं सांप रात को शिकार कर किसी के घर- बाढ़े, बगीचे रिसोर्ट में आराम तो नहीं फरमा रहा है? सांप से डरने या उसकी दहसत में जीने वालों को समझना चाहिए की हमारे भगवान विष्णु अनंत काल से शेषनाग की सुख-शैया पर ही शयन कर रहे हैं। भोले भंडारी शमशानवासी भगवान शिव तो साँपों के आभूषण अपने शरीर पर धारण करते है। उनके जटाजूट पर फन उठाए सर्प का मुकुट, दोनों कानो में सांपों के कुंडल, नीलकंठ में सर्प का सुंदर हार, उन्हीं के बाजूबंद, और तो और शिवजी महाराज का यज्ञोपवीत भी सर्प का ही। हमारे कृष्ण को ही देख लो, कालिया नाग के फन पर नृत्य कर सांप को यमुना से बाहर कर गोकुल के जीव जन्तुओ आदि को अभय दिया। यानि बात साफ है की वासुकि नाग की ये पीढ़ी आपको पूरी धरती पर, खेतों-खलियानों और जंगलों-पहाड़ों,गुफाओं-कंदराओं में मिल जायेगी जो हम सबकी मित्र है, शत्रु नही, हमारे डर ने इन्हें बेबजह मारना शुरू किया इसलिए ये अपने प्राणों को संकट में देखकर ही अपना बचाव करते है। संस्कृत में सर्प का अर्थ है-जल्दी-जल्दी दौड़ने वाला, किन्तु हमारे देश में जल्दी-जल्दी दौड़ने वाले सांप के आलावा धरती पर रेंगनेवाले, पृथ्वी पर विचरण करनेवाले और आकाश में उड़नेवाले सांप भी है जिनमें तक्षक के उत्तराधिकारी सांप महीनों अपनी बिल-कंदराओं में बिना भोजन-पानी के अपनी मस्ती में चुपचाप केवल वायु का भक्षण करके ही जीवित रह सकते है, इसलिए इनका एक नाम वायु-भख भी है। खबरनवीस पत्रकारों का इन साँपों से पाला नही पड़ता इसलिए इनकी खबरे नहीं बनती, बनती तो उन साँपों की है जो नाममात्र के सांप या सांप के बच्चे है जिन्हें चिड़ियाघर में कैद किया जाकर पढ़े लिखे सभ्य लोगों को दिखाया जाता है, असभ्य और अपढ़ तथा ग्रामीण तो इन साँपों के बाप दादाओं की महाकाय 20-30 फुटिय काया से अक्सर खेत-जंगलों, पहाड़ों में मिलते रहते है। बात असल मुद्दे की आ जाये जहा से गायब सांप को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। सोसलमिडिया पर कमेन्ट थमने का नाम नही ले रही थी कि समाजसेवी और विपक्ष के नेताओं ने आवाज बुलंद कर कमेंट्स करना शुरू किया कि - चिड़ियाघर में सांप को देखने वालों के रिकार्ड की जांच होनी चाहिए? सांप कही दुमुहा तो नहीं जो लाखों की कीमत रखता हो और किसी तस्कर से चोरी करा दिया हो या चिड़ियाघर के किसी अधिकारी-कर्मचारी की मिलीभगत से उसका अपहरण करा दिया हो और वह किसी तस्कर की पोटली अथवा पेटी में कैद हो आसानी से शहर से बाहर ले जाया जा चूका हो और मामले को दबाने के लिए विभागीय सांठगाँठ से यह हुआ हो? फिर प्रश्न की बौछार थी जैसे सांप भागा, इसकी कोई अपडेट किसी के पास हो तो शेयर करे।

# रचनात्मकता की राह

हम जानते हैं कि जिस तरह एक शिक्षक, एक इंजीनियर, एक चिकित्सक को अपने पेशेवर जीवन को लगातार अद्यतन करते रहने की जरूरत होती है। ठीक इसी तरह हम सभी को अपने काम ही नहीं, बल्कि अपने जीवन को भी देखते और तौलते रहने की जरूरत होती है। अभी कुछ दिनों पहले एक परिचित का कहना था कि उनका बेटा स्मार्टफोन के बिना खाना तक नहीं खाता। ऐसे में मां उसे फोन पकड़ा कर इस परेशानी से 'छुटकारा पाती हैं। उन्हें उसकी जिद के आगे और कोई रास्ता ही नहीं सूझता। जब तक बच्चे को फोन नहीं मिलता, वह जिद करता है, जमीन में लोटने लगता और रोने लगता है। हालत यह है कि उसे सुबह उठते ही फोन चाहिए। उस बच्चे को फोन की आदत छुड़वाने के लिए उसे समझाया गया, उसके साथ सख्ती भी बरती गई, लेकिन कोई हल नहीं निकला।

सवाल है कि बच्चे की इस मुश्किल का स्रोत क्या था। घरों में आमतौर पर यह देखा जा सकता है कि मां या पिता जब भी खाली होते हैं, बस तुरंत अपना मोबाइल उठा कर देखने में मशगूल हो जाते हैं। एक काम से दूसरे काम के अंतराल के बीच दिन में कई बार वे फोन पर घंटों व्यस्त रहते हैं। देर रात में तो ईमेल, रील और सोशल मीडिया देखते हुए कब घंटे गुजर जाते हैं, पता ही नहीं चलता। ऐसे लोगों के लिए समय काटने का सबसे अच्छा साधन फोन है। बहुत से मोबाइल उपभोक्ता जानते हैं कि स्क्रीन पर लगातार देखते रहने से उनकी आंखों की रोशनी पर असर पड़ता है। मोबाइल की आवाज से दूसरों को शोर महसूस होता है। कान में ईयरफोन लगाकर सुनने से श्रवण क्रिया बाधित हो सकती है। लगातार रील देखते रहने से हमारे शरीर में डोपामाइन का स्तर तेजी से बदलने लगता है, जिससे शरीर के हार्मोन पर प्रभाव पड़ता है और यह शरीर के लिए हानिकारक है। चिकित्सकों के अनुसार लगातार फोन का इस्तेमाल करने से आंखों में जलन, सिरदर्द, नींद की कमी और तनाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। स्मार्टफोन की लत बच्चों में शारीरिक, मानसिक उथल-पुथल और भावनाओं को प्रभावित करती है। बच्चों का हमउम्र बच्चों के साथ खेलना, परिवारजनों का आपसी संवाद कम होना भी इसका एक बड़ा कारण बनता जा रहा है। केवल घर-परिवारों में ही नहीं, अब सड़कों पर मोटरसाइकिल चलाते हुए लोग भी मोबाइल पर बात करते मिल जाएंगे। यह नियमों के विरुद्ध है, लेकिन कहां-कहां और किस तरह से लोगों को रोका जा सकता है? सार्वजनिक परिवहन के रूप में बस में यात्रा करते हुए आसपास से मोबाइलों पर रील, फिल्म या गाने चल रहे होते हैं। कई बार उन सबकी आवाज इतनी गड्डमड्ड हो रही होती है कि ठीक से किसी एक मोबाइल की आवाज को सुना नहीं जा सकता। यह एक तरह की असभ्यता है, क्योंकि ज्यादा संभावना यह है कि किसी अन्य व्यक्ति के तेज स्वर में स्मार्टफोन बजाने से किसी को बहुत परेशानी हो रही हो।



विजय गर्ग

इसके अलावा, अगर हम आम लोगों की बात करें तो हमने अपने को व्यस्त रखना, हो - हल्ले के बीच जीना चुन लिया है, तो ऐसे में हमारे जीवन से सजगता धीरे-धीरे क्यों इतनी दूर होती जा रही है कि हम बिना किसी सजगता के बस कुछ भी किए जा रहे होते हैं। इसी तरह कई बार सामान्य बातचीत में लगातार अभद्र बातों और अपशब्दों का प्रयोग करना हमारी आदत का कब हिस्सा बन जाता है, हमें पता ही नहीं चलता। जब घर में बच्चे हमारी भाषा सुनते हैं तो वे भी अनायास ही उनका प्रयोग करने लगते हैं। ऐसे में हम बड़े अगर बच्चों को टोकते हैं तो वे सामने तो रुक जाते हैं, लेकिन पीछे से उन आदतों को अपना लेते हैं और फिर वे उनकी भाषा या कृत्य उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाते हैं। इसी तरह किसी भी प्रकार का नशा, कुछ भी चबाते रहने की या अन्य कोई भी आदत हो सकती है। अगर हम चाहते हैं कि बच्चों में इस तरह की आदतें या कमियां नहीं रहें तो पहले हमें आहिस्ता-आहिस्ता अपने पर काम करना होगा। हम छोटे-छोटे स्वयं से संकल्प कर सकते हैं। जैसे हर रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक मोबाइल को नहीं छूना। हां, कोई फोन आए तो फोन उठाएंगे, लेकिन स्वयं फोन या किसी प्रकार की सामग्री को नहीं देखना है। धीरे-धीरे हम खुद महसूस करने लगेंगे कि यह कितना आसान था, लेकिन संकल्प नहीं किया था तो बस चल रहा था और लग रहा था कि यह आदत हमसे छूट ही नहीं सकेगी। हम पाएंगे कि अपनी किसी बुरी आदत पर काम करने से हमें कितनी राहत मिली है। हमें लगने लगता है कि पिछले दिनों हमने कितना समय, ऊर्जा और रचनात्मकता इसके पीछे नष्ट कर दी। कहते हैं कि 'कोई किसी को रोक तो सकता है, लेकिन सुधार इंसान अपने में स्वयं ही करता है।' स्वयं से प्रण करना हमें भटकाव से रोकता है और सही दिशा में जाने के लिए प्रेरित करता है। हम देखेंगे कि हमारी इस आदत का परिवारजनों पर भी प्रभाव पड़ने लगा है और परिवार एक बुरी आदत से छुटकारा पाकर आगे निकलने लगता है। हमारे जीवन में बहुत सारी चीजें एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। जब एक आदत में सुधार होने लगता है तो दूसरी अन्य चीजें अपने आप सुधरने लगती हैं और एक सकारात्मकता और रचनात्मकता का संचार होने लगता है।

# रामलीला मैदान का दूसरा गेट बना आकर्षण, भीड़ प्रबंधन में मिली बड़ी राहत

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** इस वर्ष रामलीला मैदान में आयोजित मेले और शोभायात्राओं की सबसे खास विशेषता रही दूसरे गेट का निर्माण। जिला प्रशासन द्वारा की गई इस व्यवस्था ने न केवल भीड़ प्रबंधन को आसान बना दिया, बल्कि श्रद्धालुओं और दुकानदारों दोनों को बेहतरीन सुविधा भी प्रदान की।

पहली बार ऐसा हुआ कि शोभायात्रा पहले गेट से प्रवेश कर दूसरे गेट से बाहर निकलती रही, जिससे मैदान में आवागमन बिल्कुल व्यवस्थित बना रहा। मेले में उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करना जहां पहले एक चुनौती हुआ करता था, वहीं इस बार सब कुछ सुचारू और सहज दिखाई दिया। रामलीला कमेटी ने भी इस कदम की जमकर सराहना की। महामंत्री वीरेंद्र गर्ग ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारी यह मांग वर्षों पुरानी थी। आखिरकार प्रशासन ने इसे पूरा किया। अब मैदान में आने-जाने की परेशानी खत्म हो गई और श्रद्धालु निश्चिंत होकर उत्सव का आनंद ले सके। मेले में आए लोगों ने भी प्रशासन को धन्यवाद दिया। श्रद्धालुओं का कहना था कि जहां पहले बच्चों और परिवार के साथ मेले में घूमना थोड़ा कठिन होता था, वहीं इस बार व्यवस्थाएं इतनी सरल रहीं कि लोग आसानी से घूमते, खरीदारी करते और कार्यक्रमों का आनंद लेते दिखे। यह बदलाव सिर्फ रावण दहन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि व्यवस्था सुधार का एक शानदार उदाहरण भी बन गया। प्रशासन की इस नई पहल ने सुरक्षा और सुविधा दोनों को नए आयाम दिए। सच कहा जाए तो इस बार रामपुर की रामलीला मैदान केवल धार्मिक आयोजन का केंद्र ही नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित भीड़ प्रबंधन का आदर्श मॉडल भी बनकर उभरा।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयदशमी उत्सव

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद विजयदशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में विभिन्न स्थानों पर उत्सव मनाया। जहांगीराबाद नगर के श्री राम बस्ती में स्थित माता मंदिर में भी विजयदशमी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व संवाद केंद्र द्वारा साहित्य बिक्री का स्टॉल और प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम में विभाग प्रमुख धर्म जागरण श्रीमान विराट जी ने मार्गदर्शन प्रदान किया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष की उपलब्धियों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य हिंदू समाज का संगठन और राष्ट्र उत्थान है, जिसे शाखा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण करके प्राप्त किया जा सकता है। विजयदशमी उत्सव के दौरान माता मंदिर से एक भव्य पथ संचलन निकाला गया, जो जामा मस्जिद, अनूप बंसल कन्या इंटर कॉलेज, लाल कुआं दोराहा, राणा हार्डवेयर, मैंमरान मोहल्ला और बुद्ध की पैठ से होते हुए माता मंदिर पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया और अपने अनुशासन तथा संगठन शक्ति का प्रदर्शन किया।



# पेड़ में करंट आने से भैंस की मौत

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर में 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन से एक पेड़ में करंट आने से एक भैंस की मौत हो गई यह घटना थाना नरसेना क्षेत्र के के भड़काऊ गांव में हुई। किसान पिंटू ने बताया कि जर्जर विद्युत लाइन को लेकर विभाग को कई बार शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। भैंस की मौत के बाद ग्रामीणों ने बिजली घर पर हंगामा किया और मुआवजे की मांग की। विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों को जान-माल की हानि उठानी पड़ रही है ग्रामीण विद्युत विभाग के कार्यशैली नाराज होकर भैंस के शव लेकर विद्युत बिजली घर पहुंच गए लगभाग रात 10:00 बजे तक धरना प्रदर्शन किया ग्रामीणों का आरोप है की घटना 3:00 हुई और 10:00 तक कोई भी संबंधित विभाग का अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत प्रतिनिधि राफे खान और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह राणा भी किसानों के साथ मौके पर पहुंच गए हंगामा बढ़ता देख विद्युत विभाग के हाथ पैर फूल गए और मौके पर दौलतपुर बिजली घर पर तैनात जूनियर इंजीनियर पीयूष कुमार को मौके पर भेजो पीयूष कुमार ने ग्रामीणों को समझा बूझकर मामले को शांत कराया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया जूनियर इंजीनियर पीयूष कुमार ने बताया कि किसान को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए फॉर्म भरवारा जा रहा है किसान की हर संभव मदद करी जाएगी एसडीओ बुगरासी सत्येन्द्र कुमार ने बताया की किसान का फॉर्म 44 भरवाया जा रहा है हादसे के कारणों की जांच की जाएगी

# मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित करते हुए दीपा इलेक्ट्रॉनिक का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद महिला सशक्तिकरण को समर्पित नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम सबलपुर बीतरा में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ व्यवसायिक प्रतिष्ठान का शुभारंभ दो वर्षीय छोटी कन्या गुनिका राजपूत ने फीता काट कर किया इस भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह एवं ग्राम प्रधान अब्दुल हक एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित करते हुए दीपा इलेक्ट्रॉनिक का शुभारंभ 2 वर्षीय गुनिका राजपूत पुत्री गुड़िया राजपूत एवं अतुल राजपूत के नन्हे नन्हे कर कमलों से कराया शुभारंभ के अवसर चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा एवं लक्ष्य हर क्षेत्र में बेटियां पढ़ें आगे बढ़े यह शुभारंभ सरकार की मिशन शक्ति 5 को समर्पित है कमलेश राजपूत, सुशील राजपूत, शेखर सिंह राजपूत के इस प्रतिष्ठान की सफलता की कामना करते हुए सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने अपनी शुभकामनाएं सरकार की मिशन शक्ति, महिला सशक्तिकरण का सहयोग करने की अपील की शुभारंभ के उपरांत सभी ने सहभोज कार्यक्रम में प्रतिभाग किया इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह, डा रितेश सैन, ग्राम प्रधान अब्दुल हक, प्रिया राजपूत, अतुल राजपूत, आचार्य उदयवीर सिंह, कमलेश राजपूत, सुशील राजपूत, अरशद अहमद, लक्ष्य शर्मा, नितिन कुमार, लव कुमार, हेमंत राजपूत आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के संयोजक शेखर सिंह राजपूत ने सभी का आभार धन्यवाद प्रकट किया।

# महिला सशक्तीकरण पर पेंटिंग प्रतियोगिता व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**हल्दौर।** महिला सशक्तिकरण पर पेंटिंग और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉक्टर अनुज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि समय के साथ महिलाओं को एहसास हुआ कि उनका जीवन केवल घरेलू काम से कहीं अधिक के लिए है धीरे-धीरे उन्होंने इन बाधाओं को तोड़ना शुरू कर दिया, और दुनिया को सशक्त महिलाओं का उदय दिखाई देने लगा। महिलाओं को दूसरों की मदद करने चुनौतियों से उबरने और जीवन जीने में पुरूषों और महिलाओं दोनों का समर्थन करने के लिए जाना जाता है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र त्यागी ने बताया कि आज भारत की महिलाएं नीति से लेकर देश के नेतृत्व तक अपनी भूमिका बखूबी निभा रही है। वाद विवाद प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम एवंअदिवा जैदी द्वितीय स्थान पर रही।वही पेंटिंग प्रतियोगिता में महारानी लक्ष्मीबाई टोली से यशस्वी राजपूत, डोली, रितिका, पायल प्रथम एवं इंदिरा गांधी टोली से रिया शर्मा, कनिका राजपूत, आकांक्षा, हिमानी, अंजलि द्वितीय तथा सावित्रीबाई टोली से स्वीटी, कंचन, वैशाली तृतीय स्थान पर रही।कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गंगा किनारे ब्रह्मपुरी में लगा स्वास्थ्य शिविर




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर समाप्त होने वाले स्वास्थ्य पखवाड़ा के अन्तिम दिन गंगा व मालन के किनारे स्थित ग्राम ब्रह्मपुरी में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया शिविर का शुभारंभ डा कौशलेंद्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर द्वारा किया गया। शिविर में चिकित्सक टीम में डॉ मुनीम, डा स्वेता, नेत्र परीक्षण अधिकारी लूबीना शामिल रहीं। शिविर में 198 रोगियों को निःशुल्क वितरण व 40 दृष्टि बाधितों को चश्मा निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, निदेशक डा सुबोध चन्द्र शर्मा, सुनील कुमार (फार्मेसिस्ट )व योगेश ठाकुर, डा नरेन्द्र कुमार का महत्व पूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम, ग्राम प्रधान पति विजय सिंह, एडवोकेट राजीव, जिला व्यायाम शिक्षक अरविन्द अहलावत आदि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य पखवाड़ा के अन्तर्गत चार रक्तदान शिविर आयोजित किए गए जिसमें 205 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया, 100 रोगियों को स्वास्थ्य वर्धक पोटलियों का वितरण, 198 दृष्टि बाधितों को चश्मा वितरण किया गया , थैलेसिमिया व सर्वाइकल कैंसर की जानकारी गोष्ठियों के माध्यम से दी गई।

# दशहरे मेले में आजाद प्रेस क्लब ने सेवा शिविर लगाकर पिलाया पानी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**स्योहारा।** दशहरे के अवसर पर रामलीला मैदान में लगने वाले प्राचीन मेले में जहां तमाम समाजिक संगठनों ने शिविर लगाकर मेले में आए लोगों का स्वागत किया तो वहीं आजाद प्रेस क्लब ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए मेले में सेवा शिविर लगाकर मेले में आए हजारों लोगों को पानी पिलाकर दुआएं हासिल की। शिविर में पहुंचे समाजसेवी और संरक्षक डॉ मनोज वर्मा ने आजाद प्रेस क्लब को समाज का एक सच्चा सेवक बताया। इस मौके पर आजाद प्रेस क्लब से अमीन अहमद, इकबाल रूमानी, इमरान सिद्दीकी, संजय शर्मा, कामिल हसन टिंकू, डा विकास वर्मा, अश्वनी विशनोई, गुलजार शरीफ, आसिफ, निकेश भटनागर, तफसील मलिक, डॉ सौरभ वर्मा, सुबहान अली फरीदी, हसीनुद्दीन अंसारी, डॉ संजीव वर्मा, जुबेर, उस्मान जैदी सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# जूम मीटिंग के माध्यम से सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज जूम मीटिंग के माध्यम से सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी दो दिनों में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अंतर्गत स्वयं तथा अपने कर्मचारियों एवं आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक उपलब्ध कराएं। उन्होंने पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पंचायत सचिवों को निर्देशित करें कि उक्त संबंध में स्वयं तथा ग्रामीणों से भी फीडबैक उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी सीएचओ को निर्देशित किया कि उक्त संबंध में स्वयं फीडबैक उपलब्ध कराते हुए आमजन को भी अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करें। इससे पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य पूर्ण करते हुए उक्त कार्यों को संबंधित पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें जिससे कि जिले को अच्छी रैंक प्राप्त हो सके।



# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत संपन्न हुए विभिन्न कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में आज महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 (नारी,सुरक्षा,सम्मान एवं स्वालंबन) अभियान के अंतर्गत हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन व वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा जीजीआईसी कॉलेज बिजनौर की बालिकाओं को स्कूटी चलानी सिखाई गई जिससे दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली बालिकाओं में आत्मविश्वास की भावना बढ़ सके, ताकि यातायात करने के लिए पुरुष पर निर्भर न रहना पड़े। साथ ही पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय नवादा हल्दौर विद्यालय की बालिकाओं के साथ जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के अधिकारों एवं कानूनों के विषय में तथा विभाग द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के विषय में जानकारी दी गई। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के विषय में पूर्ण जानकारी देते हुए बताया गया कि एक हिंसा से पीड़ित महिला इन नंबरों पर किस प्रकार अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान में विद्यालय के सभी बालिकाएं और महिलाएं शामिल रहीं। इसके अलावा ब्लॉक किरतपुर में भी मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ, करइ ब्लॉक मिशन प्रबंधक ब्लॉक उपस्थित रहे।

# ईलना परवाना में हुआ रावण दहन

**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** लोक किसान इंटर कालेज ईलना परवाना के मैदान में शुक्रवार को रावण दहन किया गया। स्याना विधायक देवेंद्र लोधी के पुत्र डॉ रुपेश लोधी ने बतौर मुख्य अतिथि तीर चलाया जबकि ग्राम प्रधान श्यौराज सिंह लोधी विशिष्ट अतिथि रहे। क्षेत्रीय रामलीला कमेटी परवाना महमूदपुर के तत्वावधान में लोक किसान इंटर कालेज ईलना परवाना के मैदान में शुक्रवार को विशाल रावण मेला लगाया गया। परवाना पंचायत घर से रामा दल और रावण दल अपने अपने रथों पर सवार होकर युद्ध के लिए ढोल नगाड़े बजाकर निकले। काली जी के चार स्वरुपों ने भी अपने लांगुरियों के साथ भगवान श्री राम का साथ देने के लिए युद्ध के मैदान के लिए प्रस्थान किया। कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र उर्फ जीतू लोधी ने राम जी की आरती उतार कर शुभारंभ किया। बाड़े में राम रावण के बीच घोर संग्राम हुआ। बतौर मुख्य अतिथि डॉ रुपेश लोधी ने अग्नि बाण चला कर लंकेश के पुतले का दहन किया। ईलना परवाना का मेला देखने आसपास के देहात से हजारों लोग जमा हुए। इस अवसर पर विशाल मेला लगाया गया जिसमें बड़ी तादाद में लोगों ने अपनी जरूरत की चीजें खरीदी। चांट पकौड़ी मिष्ठान खेल खिलौने आदि की जमकर बिक्री हुई। आयोजकों ने मुख्य अतिथि डॉ रुपेश लोधी और विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान श्यौराज सिंह लोधी को पगड़ी पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया ।हजारों लोगों ने मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। औरंगाबाद व खानपुर थानों की पुलिस सुरक्षा में तैनात रहीं।



दादी का इश्कः

# घर छोड़कर प्रेमी संग फरार

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। दो बच्चों की दादी। उम्र महज 40 साल। और दिल लग गया 35 साल के युवक से।

प्यार में इस कदर डूबी कि अपने पति, बहुओं और पोते तक को छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गईं। अब टूटा हुआ पति अपने बच्चों और बहुओं के साथ पुलिस थाने पहुँचा है और न्याय की गुहार लगा रहा है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि दादी का ये इश्क। क्या वाकई सच्चा साबित होगा। या फिर बर्बाद कर देगा एक पूरे परिवार की ज़िंदगी।

ये कहानी है झाँसी के मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम स्यावरी की। जहां से सामने आई है एक ऐसी दास्तां। जिसने पूरे गांव को चौंका दिया। कामता प्रसाद आदिवासी का परिवार। जिसकी दो बहुएँ हैं, दो बेटे और छोटे-छोटे पोते। लेकिन इस परिवार की खुशियां उस वक्त बिखर गईं। जब कामता की पत्नी सुखवती। प्रेमी के साथ घर छोड़कर भाग गई। ढाई साल पहले सुखवती भिंड के ईंट भट्टों पर मजदूरी करने गई थी। वहीं उसकी मुलाकात हुई राठ के बिहुनी गांव निवासी अमर सिंह प्रजापति से। और धीरे-धीरे शुरू हुआ रिश्ता, जो प्यार में बदल गया।ः पति ने जब पत्नी की नजदीकियों को महसूस किया। तो उसे घर ले आया। लेकिन चोरी-छिपे मोबाइल पर बातचीत का सिलसिला जारी रहा।

कुछ ही दिन पहले, जब पति बेटे का इलाज कराने झाँसी गया। तभी सुखवती ने मौका पाकर घर से गहने और नगदी उठाई। और प्रेमी के साथ फरार हो गई। अब बहुएँ और छोटे-छोटे बच्चे दादी के इस फैसले से सदमे में हैं। जहां परिवार रोजी-रोटी के लिए मेहनत-मजदूरी करता है। वहीं दादी ने अपने इश्क को अंजाम तक पहुँचाने के लिए घर की नींव हिला दी।

पीड़ित पति ने पुलिस को तहरीर दी है। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अब सवाल यही है कि दादी का ये इश्क क्या वाकई उसके लिए खुशियां लेकर आएगा। या फिर बिखेर देगा एक पूरे परिवार की ज़िंदगी ?

## 6 अक्टूबर को होने वाले कुश्ती दंगल की तैयारियों में जुटी कमेटी

**मथुरा/चौमुहां।** ब्रह्मा जी की क्रीड़ा स्थली चौमुहां में 6 अक्टूबर को कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। जिसके लिए दंगल कमेटी तैयारियों में जुटी हुई है। शुक्रवार को कमेटी के पदाधिकारियों ने बैठक कर रूप रेखा तैयार की। इसके साथ ही 6 अक्टूबर को रात्रि के समय पथवारी मंदिर पर रसिया दंगल का आयोजन होगा। कुश्ती दंगल में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, एमपी, यूपी के पहलवान भाग लेंगे। बैठक के दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, समाजसेवी कालू पहलवान, जगन्नाथ सिंह, शिवराम सिंह, पुष्पेंद्र पहलवान, ऋतिक सिसोदिस, लोकेश सिसोदिया, रवि, भूपेंद्र सिंह, अजय पहलवान आदि उपस्थित रहे।

# पृथ्वी कोचिंग सेंटर में मनाया गया राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती

वेलकम इंडिया



**पौली।** पौली ब्लाक के पृथ्वी कोचिंग सेंटर में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती मनाया गया। इस दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में सफाई अभियान चलाया गया।

ब्लाक पौली के पृथ्वी कोचिंग सेंटर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इससे पूर्व उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया। विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। युवा मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि मोहनदास करमचन्द गांधी (२ अक्टूबर १८६९ झ ३० जनवरी १९४८) जिन्हें महात्मा गांधी के नाम से भी जाना जाता है, भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवम् आध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह (व्यापक सविनय अवज्ञा) के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार करने के समर्थक अग्रणी नेता थे, उनकी इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धान्त पर रखी गयी थी जिसने भारत सहित पूरे विश्व में जनता के नागरिक अधिकारों एवम् स्वतन्त्रता के प्रति आन्दोलन के लिये प्रेरित किया। इस दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक रजनीश कुमार, अककाकट पार्टी के जिला पंचायत प्रत्याशी वीर सिंह, वरिष्ठ अध्यापक पवन सिंह, अध्यापक रितेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## झाँसी में पशु चिकित्सालय में दिखा जहरीला सांप, मचा हड़कंप



**झाँसी।** भरारी पशु चिकित्सालय में उस समय हड़कंप मच गया, जब चिकित्सालय के स्टोर रूम में अचानक एक जहरीला सांप निकल आया। आनन-फानन में वन विभाग की टीम को बुलाया गया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर सांप का सफल रेस्क्यू किया। बताते चलें कि भरारी स्थित पशु चिकित्सालय के स्टोर में अचानक जहरीले सांप के दिखाई देने से कर्मचारियों में दहशत फैल गई। सूचना पर तुरंत वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन दरोगा पी.एस. भदौरिया और वनरक्षक मनोज ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। रेस्क्यू के बाद सांप को जंगल में छोड़ दिया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की टीम की सराहना की।

## माल्यार्पण कर महात्मा गांधी को किया गया याद



**मिजार्मुराद।** गांधी जयंती पर गुरुवार को गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया ।मिजार्मुराद थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय द्वारा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुलिसकर्मियों को सत्य, अहिंसा एवं कर्तव्यनिष्ठा का पालन करने और राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। मिजार्मुराद स्थित किसान इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डॉ. शिवराज मिश्रा द्वारा, गौर गांव स्थित एस.एन.एस नेशनल स्कूल में प्रबंधक प्रवीण सिंह द्वारा, खोचवा (रूपापुर) गांव स्थित बसमत्ती देवी संकठा प्रसाद महिला पीजी कालेज में प्रबन्धक राजीव गौतम द्वारा, चित्रसेनपुर स्थित अमरावती देवी इंटरमीडिएट कालेज में प्रधानाचार्य संदीप सिंह द्वारा, डंगहरिया गांव स्थित एस.बी.पी.इंटरमीडिएट कालेज में प्राचार्य गौरव सिंह पटेल द्वारा समेत अन्य जगहों पर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया ।संजीव सिंह गौतम ने कहां की हमें महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा रूपी ऐसे शस्त्र दिए हैं जिनके आधार पर किसी भी प्रकार की क्रांति को रोका जा सकता है ।इस दौरान भाजपा नेता राम शकल पटेल, डॉ. वंशराज पटेल, सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', रामजी यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाकियू महात्मा टिकैट के कार्यकर्ताओं ने मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ।** आगामी 6 अक्टूबर को दिवंगत किसान नेता महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत जयंती के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन महात्मा डकैत मेरठ के कार्यकताओं ने मेरठ सिटी रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सोपा जिसमें मांग की गई की 5 अक्टूबर को मेरठ से लखनऊ जाने वाली ट्रेन नौचंदी एक्सप्रेस में मेरठ से एक डिब्बा और एक डिब्बा हापुड़ से अतिरिक्त लगवाया जाए जिससे यूनियन के कार्यकताओं को लखनऊ जाने में परेशानी ना हो स्टेशन मास्टर ने आश्वासन देते हुए कहा कि तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएगी

# कैंट बोर्ड ने अवैध निमार्णाधीन भवन को किया जमींदोज , मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया/ उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** शुक्रवार को कैंट बोर्ड ने अवैध निर्माण की सूचना पर तत्काल एक्शन लेते हुए छावनी परिषद सीईओ ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि जांच कर अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई करें। जानकारी के मुताबिक आज सहायक अभियंता के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक कर्मचारीयों ने सदर कबाड़ी बाजार में बड़े पैमाने पर किए जा रहे अवैध निमार्णाधीन भवन पर जमकर हथौड़ा चलाया बता दें उक्त अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए कैंट बोर्ड कर्मचारियों को बड़ी मशक्कत के साथ हल्के विरोध का भी सामना करना पड़ा।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर चार में पुर्व पार्षद दीपक ऐलन के आवास के निकट भवन संख्या 121 कबाड़ी बाजार द्वारा बैगर मानचित्र के बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण संचालित किया जा रहा था तथा कैंट बोर्ड द्वारा बार-बार मना किए जाने के बावजूद अवैध निर्माण जारी था। जिसे आज कैंट बोर्ड हथौड़ा दल कर्मचारियों ने सीईओ के निर्देश पर ध्वस्त कर जमींदोज कर दिया गया। तथा कैंट बोर्ड प्रशासन ने अवैध निर्माण पर आगे भी कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

## आगामी त्यौहारों और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बुलंदशहर।** शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल द्वारा आगामी त्यौहारों व जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत एवं आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सदृढ़ करने के लिए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के भीडभाड वाले इलाकों अंसारी रोड, अम्बर रोड व नमाज के स्थानों नरसलघाट क्षेत्र जामा मस्जिद आदि महत्तपूर्ण/ संवेदनशील स्थानों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस-फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया तथा संबंधित से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये साथ ही आमजन से विचार-विमर्श कर अवगत कराया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

## इंटरनेशनल गेम में गोल्ड मेडलिस्ट पाने वाले युवा का हुआ सम्मान



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** सेवापुरी विधानसभा के आषाढ़ गांव (मिजार्मुराद) निवासी अमित पाल बीते दिनों इंटरनेशनल गेम खेलने नेपाल गया था गुरुवार को जीत कर वापस घर पहुंचा तो गांव व क्षेत्रवासियों ने फूल-माला व अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर युवा अमित पाल का जोरदार स्वागत किया।

आषाढ़ गांव निवासी अमित पाल बीते दिनों नेपाल में हो रहे इंटरनेशनल गेम में भारत के तरफ से दौड़ करने गया था जिसमें 3 हजार मीटर दौड़ लगाकर प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन करते हुए अपने तिरंगा के बुलंद को ऊंचा किया ।नेपाल से वापस घर पहुंचे से पहले भिखीपुर गांव के सामने हाइवे पर अधिवक्ता/भाजपा नेता धीरज सिंह राजपूत के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने जोरदार स्वागत किया ।स्वागत के बाद डीजे के साथ दर्जनों बाइक पर सवार युवक ढोल नगाड़े के अमित पाल को लेकर घर पहुंचे। इस दौरान स्वागत करने वालो में ग्राम प्रधान आषाढ़ संजय कुमार, प्रधान गौरी, प्रधान अभिमन्यु, पूर्व प्रधान तेजनाथ पटेल, निहाल सेठ, आत्मा राम यादव, राजू, रौनक सिंह, मदन बिन्द, सुजीत यादव, भैया लाल यादव, करन, अनिल यादव, दशरथ यादव समेत दर्जनों लोग रहे।

# खड़ी डंफर में भिड़ा बुलेट सवार, दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के मेंहदीगंज गांव के सामने हाइवे पर बुधवार की देर रात हाईवे के किनारे खड़ी डंफर के पिछले हिस्से में भिड़ने से बुलेट सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया ।पुलिस द्वारा इलाज हेतु ट्रामा सेंटर भेजा गया जहां मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार लोहता थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी विवेक सिंह उम्र (30) वर्ष पुत्र नंद किशोर सिंह मिजार्मुराद किसी काम से आए हुए थे देर रात अपने बुलेट गाड़ी से वापस घर जा रहे थे तभी मेंहदीगंज एक ढाबे के सामने हाईवे के किनारे खड़ी डंफर के पिछले हिस्से जा भिड़े जिससे सिर में चोट लगने के कारण गम्भीर रूप से घायल हो गया ।ग्रामीणों व राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी व एसआई अविनाश सिंह ने युवक को एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजे जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया ।मृतक युवक अपने पिता का इकलौता सन्तान था व ईट भट्टा चलाता था ।युवक के मौत की सूचना मिलते ही पत्नी व पिता समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा अभी पिछले वर्ष ही शादी युवक की शादी हुई थी। ग्रामीणों में चर्चा रही कि युवक हेलमेट भी लगाया हुआ था उसके बाद भी टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि जान नही बच पाया ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया डंफर को पुलिस कब्जे में ले ली है चालक का तलाश किया जा रहा है।

# धूमधाम से मनाया विजयदशमी का त्यौहार

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** विजयदशमी का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में गुरुवार को विजयदशमी का त्योहार विशाल का दशानन दहन के साथ संपन्न हुआ रामलीला मैदान में हुए रामलीला मंचन के मुख्य उद्घाटन करता अजय अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा किया गया भगवान का मुख्य पूजन प्रदीप अग्रवाल द्वारा किया गया इस बार मेरठ शहर रामलीला कमेटी द्वारा मंचन कराई गई रामलीला की तारीफ हर शहर वासी की जुबान तारीफ करते नहीं थक रही है हालांकि रावण वध की खुशी में इंद्र देवता भी जमकर बरसे जिस मैदान में चारों ओर पानी ही पानी हो गया गुरुवार को रामलीला मैदान में भगवान राम के जन्म से लेकर रावण दहन तक की लीला संपन्न कराई गई हालांकि शहर रामलीला कमेटी द्वारा मंचन कराई जा रही रामलीला में शामिल कलाकारों में राम का किरदार निभा रहे रजनीश राज लक्ष्मण की भूमिका में अक्षत और माता सीता के रूप में हितांशी झा को मेरठ शहर रामलीला मंचन कर रहे कलाकारों में सर्वश्रेष्ठ कलाकारों के अवार्ड से सम्मानित किया गया साथ ही शहर रामलीला कमेटी को सर्वश्रेष्ठ रामलीला मंचन करने का अवार्ड भी दिया गया रामलीला मंचन के दौरान एक क्षण ऐसा भी आया जब दशानन रावण की निगाह एक छोटे बच्चे पर पड़ी तो उनका प्यार उमर पड़ा उन्होंने गोद में लेकर उसे बच्चों को गुरु मंत्र भी दिया मंचन के पश्चात विशालकाय दशानन के पुतले का दहन किया गया।



# एमआईईटी के दो दिवसीय रंगोत्सव 2025 में सजी सृजनात्मकता की छटा

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) परिसर में शुक्रवार को दो दिवसीय कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव ह्लरंगोत्सव 2025ह्व का भव्य आगाज हुआ। समारोह का शुभारंभ चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ. बृजेश सिंह, कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर, डीन एकेडमिक्स डॉ. संजीव सिंह, विशी खत्री व प्रियंका शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

ग्रेफाइट आर्ट लैंड क्लबह्व के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पहले दिन की प्रतियोगिताओं में कैलीग्राफी, ब्लाइंड आर्ट, टैटू पेंटिंग, मेंहदी, बोतल पेंटिंग, कलर हंट और चित्रयात्रा पेंटिंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

टैटू आर्ट में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर सजीव चित्र उकेरकर गहरा संदेश दिया। वहीं बोतल पेंटिंग में अभिनव डिजाइन ने सभी का मन मोह लिया। चित्रयात्रा पेंटिंग के माध्यम से प्रतिभागियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, इंटरनेट मीडिया का प्रभाव और सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव जैसे मुद्दों पर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें प्लास्टिक के किसी भी सामान का प्रयोग नहीं किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों के जरिये स्वच्छ भारत अभियान का संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर, मीडिया हेड अजय चौधरी, अखिल गौतम, मनोज अग्रवाल, देबोप्रिया, विशी खत्री व प्रियंका शर्मा ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं छात्र समन्वयकों अथर्व, राजश्री, जानवी, सुनिधि, सानिया, उज्ज्वल, कविता, वशिका और अभिषेक का योगदान सराहनीय रहा।

एक शिक्षक ने कहा रंगोत्सव केवल कला का मंच नहीं है, बल्कि यह युवाओं की सोच और समाज को दिशा देने वाली उनकी रचनात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।

एमआईईटी के इंजीनियरिंग छात्रों ने साबित किया कि रचनात्मकता केवल मशीनों तक सीमित नहीं, बल्कि रंगों और विचारों से भी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और नमाज को देखते हुए प्रतापगढ़ प्रशासन की चाक चौबन्द व्यवस्था

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन एवं शुक्रवार की नमाज जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) श्री शैलेन्द्र लाल एवं सहायक पुलिस अधीक्षक नगर/क्षेत्राधिकारी नगर श्री प्रशान्त राज के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने, किसी भी संभावित परिस्थिति पर तत्परता से प्रतिक्रिया देने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्ण सजग रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सुरक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को विशेष सतर्कता बरतने तथा आमजन को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही आमजन से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई तथा यह विश्वास दिलाया गया कि पुलिस बल पूरी तत्परता एवं मुस्तैदी के साथ जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसी क्रम मे उप जिलाधिकारी कुण्डा व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अमरनाथ गुप्ता द्वारा थाना प्रभारी कुण्डा श्री अवन कुमार दीक्षित मय पुलिस फोर्स के साथ थाना कुण्डा, क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता द्वारा थाना जेठवारा क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मस्जिदों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। तो वही उप जिलाधिकारी रानीगंज व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी द्वारा थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत मस्जिद में भ्रमण किया तो तहसील लालगन्ज मे क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री आशुतोष मिश्रा एवं उपजिलाधिकारी लालगंज श्री शैलेन्द्र वर्मा द्वारा थाना प्रभारी लालगंज श्री प्रदीप कुमार के साथ थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान नमाज सकुशल एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ सतर्क एवं मुस्तैदी से तैनात रहा।

# प्रयागराज में माँ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, गूँजे जयकारे

**वेलकम इंडिया**





**प्रयागराज।** नवरात्रि पर्व के समापन के साथ आज शहरभर में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विधिविधान से विसर्जन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालु भक्त विसर्जन शोभायात्रा में शामिल होकर ह्लजय माता दीह्व के गगनभेदी नारों के साथ माँ को विदाई देने पहुँचे। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के बीच भक्तों ने माँ दुर्गा की आरती उतारी और गंगा-यमुना के पवित्र संगम तट पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

पंडालों में माँ दुर्गा के दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं की आँखों में भावुकता साफ झलक रही थी। विसर्जन के समय शहर की सड़कों पर भक्तिमय और उत्सवमय दृश्य देखने को मिला। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, ताकि शोभायात्रा और विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। माँ दुर्गा की विदाई के साथ ही प्रयागराज में नवरात्र और दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन हुआ।

# शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर अभिवावकों ने किया प्रदर्शन



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** राजकीय इंटर कॉलेज भेटा में लंबे समय से शिक्षकों का टोटा चल रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। जल्द ही चार प्रवक्ता व एक एलटी शिक्षक का पद भरने की मांग की है। कहा कि शिक्षकों की कमी के चलते यहां अध्ययनरत 160 छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। इस आशय का एक ज्ञापन मुख्य शिक्षाकारी अधिकारी को सौंपा।

विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रेखा देवी के नेतृत्व में भेटा के ग्रामीण शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से स्कूल में भौतिक विज्ञान, राजनीति विज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र प्रवक्ता का पद रिक्त चल रहा है। भैतिक विज्ञान का पद स्कूल संचालन के बाद से ही रिक्त चल रहा है। अन्य पद दो से तीन साल से रिक्त हैं। इसके अलावा सामाजिक विज्ञान सहायक अध्यापक एलटी का भी पद रिक्त चल रहा है।

# नवरात्रि पर गरबा वर्कशॉप परंपरा और ताल पर थिरके कदम



**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में नित्यशाला में गरबा वर्कशॉप का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

वर्कशॉप का संचालन ऑर्गेनाइजर और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर नेहा नित्या के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को गरबा की पारंपरिक शैलियों, ताल, लय और विशेष मुद्राओं का अभ्यास कराया।

रंग-बिरंगी पारंपरिक धुनों पर थिरकते हुए सभी प्रतिभागियों ने न केवल गरबा की बारीकियाँ सीखीं बल्कि इसके पीछे छिपी सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता को भी समझा। वर्कशॉप का उद्देश्य युवा पीढ़ी को गरबा जैसे लोकनृत्य से जोड़ना और नवरात्रि की परंपराओं को जीवंत बनाए रखना रहा। प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय रहा। उन्होंने व्यक्त किया कि भविष्य में वे गरबा को और भी निखार कर प्रस्तुत करेंगे।

वर्कशॉप के दौरान नित्यशाला परिसर में उत्साह, उमंग और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# रसिक संत प्रेमानंद महाराज ने बाद ग्राम में कराई भोजन प्रसादी

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** वंशी अवतार श्रीहित हरिवंश चंद्र महाप्रभु की जन्मभूमि हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम में बुधवार को रसिक संत प्रेमानंद महाराज द्वारा ब्रजवासियों के लिए एक भव्य भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रेमानंद महाराज के शिष्यों ने अत्यंत कुशलता और प्रेम से इस विशाल भंडारे की व्यवस्था संभाली। प्रेमानंद महाराज द्वारा आयोजित इस भोजन प्रसादी में बाद ग्राम के ब्रजवासीजन शामिल हुए और उन्हें महाराजजी के शिष्यों ने आदरपूर्वक आरती उतारकर प्रसाद ग्रहण कराया। भोजन प्रसादी ग्रहण करने के बाद ब्रजवासीजन अत्यंत प्रसन्न और गदगद दिखाई दिए।

भक्तों में मायूसी, शिष्यों ने जीता दिल प्रेमानंद महाराज के हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम में आने की खबर सुनकर दूर-दराज से हजारों की संख्या में भक्तजन उमड़ पड़े। हालांकि, स्वास्थ्य पूरी तरह से स्वस्थ न होने के कारण महाराजजी स्वयं उपस्थित नहीं हो सके। इस वजह से भक्तों में थोड़ी मायूसी छाई, लेकिन प्रेमानंद महाराज के शिष्यों द्वारा ब्रजवासियों के प्रति दर्शाए गए प्रेम और स्नेह ने सबका दिल जीत लिया और ब्रजवासी काफी आनंदित हुए। हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम के महंत दम्पत शरण महाराज ने बताया कि रसिक संत प्रेमानंद महाराज द्वारा यह भव्य विशाल भंडारा आयोजित किया गया था। जिसमें प्रेमानन्द महाराज के शिष्यों ने ब्रजवासियों की आरती उतारकर उन्हें भोजन प्रसादी ग्रहण कराई।। इस पावन पर्व पर हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम में चहुंओर श्रीराधा नाम अद्भुत संकीर्तन की गूंज सुनाई दी।

# चिकित्सकों ने शासन स्तर पर वार्ता का आश्वासन मिलने पर कार्य बहिष्कार किया स्थगित

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** चार दिन से शासन द्वारा सीएमएस सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों के खिलाफ हुई कार्रवाई के विरोध में ओपीडी कार्य बहिष्कार कर रहे चिकित्सा संघ की मांग पर जल्द आवश्यक कदम उठाने के आश्वासन मिलने के बाद चिकित्सकों ने मरीजों को हो रही असुविधा को देखते हुए जनहित में अपना कार्य बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया है। ओपीडी का बहिष्कार कर रहे डॉक्टर शुक्रवार को काम पर लौट आए हैं। वही मरीजों ने भी राहत की सांस ली है। सुबह से अस्पताल में मरीजों की भीड़ लग रही है। डॉक्टर उन्हें उचित परामर्श भी दे रहे हैं। शासन ने डॉक्टरों को वार्ता के लिए बुलाने के बाद उन्होंने यह निर्णय लिया है। मालूम हो कि शासन ने बागेश्वर के सीएमएस, बाल रोग विशेषज्ञ तथा अन्य स्टाफ के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की। ऐसा सख्त कदम जल्दबाजी में उठाया क्यों गया इसकी तह तक जांच हुए बगैर जल्दबाजी में लिए गए निर्णय से चिकित्सकों के मनोबल को कमजोर करने का पीएमएस संघ ने पुरजोर विरोध शुरू करते हुए पहले एक दिन का ओपीडी बहिष्कार किया और पांच दिन का समय दिया, लेकिन इन पांच दिनों में किसी तरह का हल नहीं निकला तो डॉक्टरों ने अनिश्चिकालीन ओपीडी बहिष्कार शुरू कर दिया। पिछले दो दिन अवकाश के कारण अस्पताल बंद रहा, लेकिन डॉक्टरों ने इमरजेंसी चालू रखी। इससे लोगों को इलाज भी मिलता रहा। इस बीच शासन ने हड़ताली डॉक्टरों को वार्ता के लिए देहरादून बुलाया है। सरकार के सकरात्मक निर्णय के बाद डॉक्टर भी कुछ नरम हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार से ओपीडी बहिष्कार का निर्णय वापस लिया और मरीजों को देखना शुरू कर दिया। शुक्रवार को सुबह से ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी रही।

## एमएलसी चुनाव को कांग्रेस नेताओं की हुई बैठक

**बुलंदशहर।** कलश होटल में आयोजित मासिक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव की तैयारी के संबंध में कांग्रेस की बैठक में कोऑर्डिनेटरों व स्नातक कोऑर्डिनेटर के साथ जिला अध्यक्ष जियाउर्रहमान व कोऑर्डिनेटर पूर्व राष्ट्रीय सचिव विवेक बंसल कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक गजराज सिंह कोऑर्डिनेटर नरेंद्र राठी कोऑर्डिनेटर विधान परिषद स्नातक विशाल वशिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष व कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ डॉक्टर इरफान स्याना युवा जिला अध्यक्ष इसराइल गहलोत पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित सुभाष गांधी सहित वरिष्ठ नेताओं द्वारा कमेटियों का शीघ्र गठन करने व स्नातक विधान परिषद सदस्य के वोट बनवाने के लिए पार्टी के निर्देश के साथ पालन करने का संकल्प लिया।

# मिशन शक्ति 5.0, आरसीए गर्ल्स डिग्री कॉलेज मथुरा में ड्राइविंग मॉय ड्रीम्स मेगा इवेंट आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद मथुरा में आर०सी०ए० गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एक महत्वपूर्ण मेगा इवेंट ड्राइविंग मॉय ड्रीम्स का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह (3 से 11 अक्टूबर) के शुभारम्भका प्रतीक है, जिसे बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य और महत्वः ड्राइविंग मॉय ड्रीम्स इवेंट का मुख्य उद्देश्य युवा छात्राओं और महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना और उन्हें ड्राइविंग का प्रशिक्षण देकर गतिशीलता प्रदान करना था। यह पहल बालिकाओं को न सिर्फ यातायात नियमों की जानकारी देती है, बल्कि उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बेटियां बिना किसी पर निर्भर हुए अपने सपनों को स्वयं ड्राइव कर सकेंगी।

इस मेगा इवेंट में कॉलेज की बड़ी संख्या में छात्राओं और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 1076) और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

इस आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार बालिकाओं के आत्मविश्वास और क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे एक भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण में अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 के लक्ष्यों को जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# जमीयत उलमा ए हिंद की अहम बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी।** 2 अक्टूबर 2025 को जमीयत उलमा ए हिंद लखीमपुर खीरी की अहम मीटिंग जिला सदर मुफ्ती मेराज कासमी की अध्यक्षता में शहर के मोहला नौरंगाबाद स्थित मदरसा इस्लाहुल मुस्लिमीन में हुई जिसमें पूरे जनपद की सभी तहसीलों के लगभग सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे । मीटिंग का आगाज कुरआन ए पाक की तिलावत से हुआ उसके बाद जिला जनरल सेक्रेट्री मौलाना अखलाक कासमी ने सभी तहसीलों के पदाधिकारियों से फीडबैक लिया और जमीयत में बेहतर काम करने के लिए मशविरा भी किया सभी ने अपनी अपनी बात रखी । अंततः तय हुआ कि हर तहसील में और हर क्षेत्र में इसलाह ए मुआशरा कमेटी का गठन ज़िला कन्वीनर मुफ्ती मोहम्मद साबिर कासमी की निगरानी में किया जाएगा और हर छोटे बड़े गांव में लोगों को जोड़ कर इरतदाद के बढ़ते हुए कदम को रोकने की तुरंत हर संभव कोशिश की जाएगी हमारे समाज में खास कर लड़कियों में जो ये बीमारी आम हो रही है उसके लिए मोहल्ले मोहल्ले गांव गांव में औरतों के प्रोग्राम कर महिलाओं को होने वाले नुकसान से अवगत कराकर रोकने का प्रयास किया जाएगा ।

तहसीलों के जिम्मेदारों से अपने अपने इलाकों में जमीनी स्तर पर काम करने की भी बात कही गई । साथ में ये भी तय किया गया कि प्रत्येक पदाधिकारी का परिचय पत्र भी जारी किया जाए ताकि उसकी पहचान हो सके । इसके लिए सभी से डॉक्यूमेंट्स जमा करने को भी कहा गया ।

## एंटी रोमियो टीम मिलकर महिलाओं एवं बालिकाओं को कर रही जागरूक

**अगौता/बुलंदशहर।** मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को और अधिक जागरूक करने, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में की जा रही ठोस और प्रभावी कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को थाना अगौता पर नियुक्त द्वारा मंदिरो/मुख्य बाजार/चौराहो एवं अन्य भीड भाड वाले स्थानो पर जाकर बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# एम पैक्स सदस्यता अभियान की बैठक आयोजित हुई

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** शुक्रवार को माल कस्बे में स्थित जिला सहकारी बैंक लि0 शाखा माल में एम - पैक्स के तहत बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के सभापति वीरेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

आपको बता दें कि, कोआपरेटिव बैंक माल में एम-पैक्स सदस्यता अभियान की शाखा स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में जिला सहकारी बैंक के सभापति वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि एम-पैक्स के माध्यम से 12 सितंबर से 12 अक्टूबर तक नये सदस्य बनाए जाएंगे। इन्हें सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभ की जानकारी दी जाएगी।

कार्यशाला में सभी विभागीय कर्मचारियों और अधिकारियों को नये सदस्य बनाये जाने और अधिक से अधिक बैंक में खाते खोलने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान डायरेक्टर दिनेश कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी आवेश कुमार मौर्य, उप महाप्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, विवेक श्रीवास्तव, चंदन कुमार, ब्रजेश वर्मा, सहित क्षेत्रीय समिति सचिव एवं समिति अध्यक्ष मौजूद रहें।

# टाईल्स से भरा ट्रक ट्राला हाईवे की रेलिंग तोड़ नीचे गिरा

## थाना हापुड़ देहात पुलिस ने मौके पर पहुंच ड्राइवर व कंडक्टर को सुरक्षित बाहर निकाला

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के ततारपुर गुरुकुल के सामने हाईवे पर उसे समय हड़कंप मच गया जब टाईल्सो से भरा बड़ा ट्रक ट्राला हाईवे की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे सड़क पर गिरा गया। गनमित रही इस दौरान दूसरा अन्य वाहन ट्रक ट्राला से नहीं टकराया जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। जिसकी सूचना रहागिरो ने स्थानीय पुलिस को दी।

घटना की जानकारी मिलने पर थाना हापुड़ देहात पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवे से नीचे सड़क पर गिरे टाईल्स से भरे ट्रक ट्राला को हटाने में जुट गई। थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की प्रातः 5:30 बजे के लगभग ततारपुर गुरुकुल के सामने टाईल्स से भरा ट्रक ट्राला हाईवे की रेलिंग तोड़ सड़क पर नीचे गिरने की सूचना प्राप्त हुई थी सूचना प्राप्त होते थाना हापुड़ देहात पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रक ट्राला से ड्राइवर व कंडक्टर को सकुशल सुरक्षित बाहर निकाला और ऊपर हाईवे पर रुके वाहनों के आगमन को सुचारू रूप से चालू कराया। दोनों के मामूली चोटे आई हैं।

ट्रक ट्राला चालक ने बताया कि हम टाईल्स से भरे ट्रक ट्राला को दिल्ली के तरफ से चला मुरादाबाद की तरफ जा रहे थे अचानक झपकी आने के बाद संतुलन बिगड़ने पर गाड़ी हाईवे की रेलिंग तोड़कर नीचे गिर गई।

## फर्नीचर व्यापार मंडल वाराणसी ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**वाराणसी।** फर्नीचर व्यापार मंडल वाराणसी का स्थापना दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गयो उपरोक्त अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और उनके बताए हुए कदमों पर चलने की सौगंध खाई इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकत्रित होकर एक सफल और समृद्ध व्यापारिक संगठन बनाने का संकल्प लिया। अजय गुप्ता अध्यक्ष फर्नीचर व्यापार मंडल ने अपने उद्बोधन में कहा आज का दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है हमें अपने संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों के हितों की रक्षा करने के लिए मिलकर काम करना होगा। रमेश यादव महामंत्री फर्नीचर व्यापार मंडल ने कहा हमारा मंडल व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके हितों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है हमें अपने सदस्यों के साथ मिलकर काम करना होगा।

# परिवार से बिछड़े मासूम बच्चे को पुलिस ने परिवार से मिलाया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे नारी सुरक्षा अभियान मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस टीम ने एक बार फिर अपनी तत्परता का परिचय देते हुए थाना क्षेत्रांतर्गत रोते-बिलखते घूम रहे बच्चे को उसके परिजनों को ढूंढ कर मिला दिया।

आपको बता दें शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान पेज के अंतर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस एंटी रोमियो टीम को पैदल गस्त के दौरान गढ़ रोड़ पर नवीन मण्डी के पास एक बच्चा उम्र करीब 4 वर्षीय अपने परिजनों से बिछड़कर रोते-बिलखते घूमता मिला था। बच्चे को मिशन शक्ति केन्द्र थाना हापुड़ देहात लाया गया और बच्चे की काउंसलिंग कर काफी प्रयास के बाद पुलिस टीम के अथक प्रयासों से बच्चे के परिवार जनों का पता लगाकर बच्चे को परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया। बच्चों के सकुशल सुरक्षित मिलने मिलने पर परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। बच्चे को सकुशल परिवार के सुपुर्द करने वाली थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता की टीम में उपनिरीक्षक सत्यजीत लाम्बा, महिला उपनिरीक्षक मनीषा चाहर महिला उपनिरीक्षक रश्मि हैंड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह मौजूद रही। थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बच्चे की सुपुर्दगी के दौरान परिजनों की भी काउंसलिंग की गई। उन्हें समझाया गया कि बच्चे को घर का पता, माता-पिता के नाम एवं मोबाइल नंबर याद कराएं। जिससे भविष्य में इस प्रकार की कठिन परिस्थितियों से बचा जा सके।

## शिवसेना के तत्वावधान में चलाया गया स्वच्छता अभियान




**वेलकम इंडियासंतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर शिवसेना के तत्वावधान में सतीश कुमार शर्मा शिवसेना महानगर अध्यक्ष वाराणसी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान व नागरिकों को स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए यह अभियान महादेव नगर कॉलोनी, संकटा नगर कॉलोनी होते हुए पांडेपुर चौराहा से काली माता मंदिर तक ढोल बाजे के साथ व झाड़ू लगाकर स्वच्छ भारत व स्वस्थ भारत बनाने का नागरिकों को जागरूकता का संदेश दिया और सभी शिव सैनिकों ने भारत माता की जय का घोष किया और आई लव माय इंडिया, आई लव माय काशी, आई लव माय स्मार्ट सिटी वाराणसी मोदी संसदीय क्षेत्र होने के तहत लोगों मे उत्साह मनाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया ताकि हमारा भारत स्वच्छता में नंबर एक पर हो। मुख्य रूप से सह प्रांत संगठन मंत्री गौरव शुक्ला मुन्नी विश्वकर्मा महेंद्र जायसवाल, राजेश शर्मा, मनोज पटेल, संदीप पटेल उर्फ गुड्डु, विनोद यादव, राज सिंह, आकाश, दुर्गेश, विजय, जितेंद्र सोनकर, अनुराग सोनकर आदि शिव सैनिको ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

## सर्वसमाज को एक मंच पर साथ लाने के लिए

# 5 को आयोजित होगा दीपावली मिलन एवं सहभोज कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ के पिलखुवा क्षेत्र में स्थित कन्हा श्याम मंडप में 5 अक्टूबर को ठाकुर अजय चौहान की अगुवाई में आयोजित होने वाले दीपावली मिलन एवं सहभोज कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

**कार्यक्रम में 5 से 7 हजार लोगों की पहुंचने की संभावना**

कार्यक्रम के संयोजक ठाकुर अजय चौहान एवं सहसंयोजक रविंद्र चौहान ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सर्व समाज की 36 बिरादरियों को एक मंच पर एक साथ लाकर एकजुट करते हुए सही दशा और दिशा देना है जो 5 अक्टूबर दिन रविवार को समय 12 बजे कान्हा श्याम मंडप में आयोजित होगा और आगामी पीढ़ी के हित को ध्यान में रखते हुए सर्वांगीण विकास करने एवं सर्व समाज के गरीब तबके के प्रतिभाशाली पीढ़ी को आर्थिक और सामाजिक सहयोग करते हुए उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य देश में चल रही प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं को सर्व समाज तक पहुंचाना एवं जरूरतमंद लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद बृजभूषण शरण सिंह उपस्थित रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जैसलमेर दरबार की महारानी राजेश्वरी राज्यालक्ष्मी भाटी करेंगी तथा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महावीर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह परमार अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

कार्यक्रम में लगभग 5 से 7 हजार लोगों के जुड़ने की संभावना है पिछले कई रोज से कार्यक्रम संयोजकों द्वारा क्षेत्र में घर-घर जाकर कार्यक्रम के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। 36 बिरादरियों को एक छत के नीचे जोड़ने का जो प्रयास कार्यक्रम संयोजक ठाकुर अजय चौहान की अगुवाई में किया जाना सुनिश्चित है वह निश्चय ही सर्व समाज के लिए नीव का पत्थर साबित होगा।

# ऐतिहासिक शिव मंदिर पर संकट, दीवारों में बढ़ीं दरारें



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** मोहल्ला कानूनगोयान स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर की दीवारों और फर्श में गहरी दरारें उभर आई हैं, जिससे मंदिर के ढहने का खतरा बढ़ गया है। मंदिर की पुजारिन विनीता शर्मा ने बताया कि हाल ही में पालिका प्रशासन ने मंदिर के पास नलकूप की बोरिंग कराई थी।

लोगों का मानना है कि बोरिंग के दौरान बने गड्ढों से रिसते पानी के कारण मंदिर की नींव कमजोर हो गई है, जिसके चलते न केवल मंदिर में बल्कि आसपास के मकानों में भी दरारें दिखाई देने लगी हैं। दरारें लगातार गहरी हो रही हैं और मंदिर की हालत देखकर यह आशंका जताई जा रही है कि यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो मंदिर कभी भी गिर सकता है। यह शिव मंदिर स्थानीय श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल विशेषज्ञों की जांच कराई जाए और मंदिर को संरक्षित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

## अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से निकला

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक विवाहिता को उसके पति व ससुरालयों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़ित विवाहिता के पिता ने एसपी शामली को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी शराफत ने एसपी शामली को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने पांच महा पूर्व शादाब निवासी रोशनाबाद हरिद्वार के साथ अपनी पुत्री की शादी की थी शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी समाज के लोगों के द्वारा कई बार इस विषय पर समाधान करने का प्रयास किया गया लेकिन ससुराल पक्ष के लोग अपनी हरकत से बाज नहीं आए और इसी के चलते विवाहिता को घर से निकाल दिया तभी से विवाहित अपने मायके में रह रही है आरोप है की विगत 22 सितम्बर को विवाहिता उसकी माँ घर पर अकेली थे तभी वहां पर पति शादाब जेठ प्रवेज देवर सद्दाम पहुंचे और घर मे मौजूद पुत्री के साथ गाली गलोच शुरू कर दी जब विरोध किया गया तो अभद्र व्यवहार किया गया शोर होने जब उसकी पत्नी वहाँ पहुँची तो उसके साथ भी मारपीट की गईं।

## सिपाहियों को मिला सफलता का मंत्र

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हूरमंजपुर निवासी कैरियर काउंसलर, राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता व अलख संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत जावला ने जनपद गाजियाबाद स्थित 47 वी वाहिनी पीएसी में प्रशिक्षण ले रहे चयनित सिपाहियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने लगन और मेहनत से सफलता की सीढ़ी का पहला पायदान चढ़ा है।

# महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए विश्व को शांति का मार्ग दिखाया: दिलीप पटेल

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपाजनों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन करते हुए नमन कियां इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने रोहनियां क्षेत्रीय कार्यालय व खोजवा स्थित गांधी चबूतरा के पास स्वच्छता अभियान चलाया तथा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने संसार को सत्य, अहिंसा और स्वच्छता हेतु प्रेरित करके विश्व को शांति का मार्ग दिखाया। कहा कि बापू का पुरा जीवन आदर्शों से भरा रहा जो हम सबको प्रेरित करता है।

पीएम के आव्हान पर भाजपाजनों ने गांधी आश्रम खादी भंडार से की खरीददारी - दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर स्वदेशी वस्त्रों एवं वस्तुओं के प्रोत्साहन हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर भाजपाजनों ने गांधी आश्रम शास्त्री नगर सिगरा वाराणसी से खादी वस्त्र तथा अन्य सामग्रियों की खरीददारी कर आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी तथा वोकल फॉर लोकल के जनजागरण अभियान को गति देने का काम किया।

जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम, संतोष सोलापुरकर, सुरेश सिंह, पूजा दीक्षित, नम्रता चौरसिया सुरेंद्र पटेल, मधुकर पांडेय, अरविंद प्रधान, प्रवेश पटेल, राजेश खन्ना सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नाइलिट डिजिटल यूनिवर्सिटी का किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी ।** केन्द्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में नाइलिट डिजिटल यूनिवर्सिटी (एनडीयू) प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया। इस प्लेटफॉर्म को उच्च-गुणवत्ता वाली डिजिटल शिक्षा तक उच्च-गुणवत्ता वाली डिजिटल शिक्षा तक अधिक से अधिक लोगों की पहुंच बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह प्लेटफॉर्म एआई, साइबर सुरक्षा, डेटा साइंस, सेमीकंडक्टर और संबंधित क्षेत्रों जैसी विशिष्ट तकनीकों में उद्योग-केन्द्रित कार्यक्रम प्रदान करेगो यह युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कौशल से लैस करने के लिए लचीले डिजिटल शिक्षण मोड और वर्चुअल लैब प्रदान करेगा केन्द्रीय मंत्री ने मुजफ्फरपुर (बिहार), बालासोर (ओडिशा), तिरुपति (आंध्र प्रदेश), दमन (दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव) और लुंगलेई (मिजोरम) में पाँच नए नाइलिट केन्द्रों का भी वर्चुअल उद्घाटन कियो इन नए केन्द्रों के जुड़ने से नाइलिट भारत के तकनीकी भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इस शुभारंभ समारोह के दौरान, नाइलिट और माइक्रोसॉफ्ट, जस्केलर, सीसीआरवाईएन, डिक्सन टेक और फ्यूचर क्राइम के बीच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का भी आदान-प्रदान किया गयो कार्यक्रम के दौरान, अश्विनी वैष्णव ने कहा तीन साल पहले, एक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया था कई विकल्प उपलब्ध थे लेकिन सबसे अच्छा विकल्प नाइलिट था हमें 500 उद्योग भागीदारों की सूची तैयार करनी चाहिए और जरूरी नहीं कि वे केवल इलेक्ट्रॉनिक्स या आईटी से ही हों इन तकनीकों का उपयोग अब हर क्षेत्र में किया जा रहा है जहाँ भी इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी का उपयोग हो रहा है हमारा लक्ष्य छात्रों को उन विशिष्ट माँगों के अनुरूप प्रशिक्षित और तैयार करना होना चाहिए।

# रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष चार घायल

**वेलकम इंडिया**





**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में रास्ते पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार सहित फायरिंग हुई दोनों पक्षों के एक युवती सहित चार लोग घायल हो गए।दोनों पक्षों के लोगों ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी प्रताप चौहान और सुरेश पाल दोनों पड़ोसी हैं। प्रताप चौहान का आरोप है कि उन्होंने नए मकान का निर्माण किया जिस कारण उसके पड़ोसी उनसे जलन रखते हैं और आए दिन मारपीट करते रहते हैं। सुरेशपाल का आरोप है कि प्रताप के पुत्र अक्षय चौहान ने रास्ते पर गाड़ी खड़ी कर रखी थी जब पीड़ित के द्वारा गाड़ी हटाने के लिए कहा गया तो आरोपी ने लाठी डंडे सहित तमंचे से पीड़ित और उसके परिवार पर फायरिंग कर दी। जिसमें सुरेश पाल और वकील गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रताप पक्ष के अक्षय और उसकी बहन उर्वशी घायल हुए हैं। दोनों पक्षों के लोगों ने अपना-अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर देकर एक दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है फायरिंग जैसी कोई भी घटना नहीं हुई है जानकारी कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग को अश्लील संदेश भेजने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गाव भारसी निवासी आरोपी द्वारा नाबालिग को अश्लील संदेश भेजकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आने पर पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के परिजनों ने विगत 30 सितम्बर को थाने पर तहरीर दी थी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। इसी क्रम में शुक्रवार को चलाए जा रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में पुलिस ने गाव भारसी निवासी अनिरुद्ध पुत्र सतेन्द्र सिंह को दबोच लिया। आरोपी को थाने लाकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

# सीडीओ ने विभिन्न विभागों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने विकास भवन बागेश्वर में विभिन्न विभागीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति अपूर्ण पाई गई तथा कई स्थानों पर कार्यालयीय अभिलेख व सामग्री अव्यवस्थित पाई गई।

सीडीओ के निरीक्षण की भनक लगते ही वहां विभिन्न विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों में खलबली मच गई।जैसे ही सीडीओ तिवारी ने निरीक्षण शुरू किया।वहां अधिकारी कर्मी अपने विभाग तथा अन्य परिचितों को संचार माध्यमों से निरीक्षण होने की जानकारी देते हुए सभी विभागों के कर्मी व्यवस्था सुधारने में जुट गए। सीडीओ ने जिला विकास कार्यालय, समाज कल्याण विभाग, वित्त एवं लेखा विभाग, ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यान, पशुपालन, मछली पालन, डेयरी, ग्रामीण निर्माण विभाग, सहकारिता, उरेड़ा, पंचायतीराज, महिला सशक्तिकरण, युवा कल्याण, जल संस्थान, सेवायोजन, होम्योपैथिक तथा अन्य कार्यालयों में आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान कुछ कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने और तत्पश्चात अग्रिम आदेशों तक उनके वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए।साथ ही अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें और अनुपस्थित कार्मिकों का स्पष्ट विवरण उपलब्ध कराएँ। साथ ही सभी विभागीय प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्यालय में पाई गई अव्यवस्थित सामग्री को शीघ्र व्यवस्थित किया जाए तथा परिसर एवं शौचालयों की नियमित साफ-सफाई की जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्ष/कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यालयों की स्वच्छता, अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा समय पर उपस्थिति शासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी विभागाध्यक्ष अपने स्तर से सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करें।सभी अधिकारी जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करे इसके लिए विशेष प्रयास करने की बात कही।

# पंचायत में अरविंद पांडे की निर्मम हत्या पर लोगों ने किया गहरा रोष व्यक्त



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** कस्बा निवाड़ी में एक दर्जन से अधिक गांव की हुई पंचायत में कुछ दिन पहले मुजफ्फरनगर के छपार टोल प्लाजा पर टोल मैनेजर अरविंद पांडे की निर्मम हत्या पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा आश्रितों को सहायता दिए जाने की मांग की है।

नगर पंचायत निवाड़ी में पुरानी टंकी के सामने करीब एक दर्जन गांवो की पंचायत की गई। पंचायत में निवाड़ी खिदोड़ा, महमदपुर, सौदा, पैगा, पतला, कुम्हैडा बंदीपुर, सैंतली, कनोजा, मोदीनगर, मुरादनगर, ग्यासपुर, भनेड़ा आदि गांवो के लोग इकट्ठे हुए पंचायत में बड़ा रोष देखने को मिला। कुछ दिन पहले मुजफ्फरनगर के छपार टोल प्लाजा पर टोल मैनेजर अरविंद पांडे की निर्मम हत्या कर दी गई इस घनौली घटना के पश्चात आज तक पीड़ित परिवार को ना तो कोई उचित मुआवजा प्रदान किया गया है और ना ही आश्रितों को सरकारी नौकरी या अन्य किसी आर्थिक सुरक्षा का आश्वासन दिया गया है। जल्द से जल्द मृतक के परिवार को उचित मुआवजा वह दोषियों के खिलाफ सीबीआई जांच की जाए। जिससे कोई भी दोषी बचकर ने निकल जाए पंचायत में यह निर्णय लिया गया कि जल्द से जल्द इन मांगो पर कोई ध्यान ना दिया गया तो बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। पंचायत में समाजसेवी सत्येंद्र त्यागी, हरिओम त्यागी चैयरमेन अनिल त्यागी, कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी, रोहित चौधरी, रोहित त्यागी, गौरव त्यागी, नितेश त्यागी, महेश त्यागी, सभासद मंगेश्वर, सभासद विक्की त्यागी, सभासद जगदीश, सभासद नितिन बंसल, अनिल त्यागी, नरेंद्र त्यागी, सुबोध त्यागी, बबलू त्यागी, देवांश त्यागी आशीष गोयल, अमित गिरी आनंद त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसैन जयंती के उपलक्ष्य में वैश्य सम्मेलन व मेधावी छात्र-छात्रा अभिनंदन 5 को



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसैन की 5149 जयंती के उपलक्ष्य में वैश्य समाज मोदीनगर के सौजन्य से आगामी पांच अक्तूबर को यहां सीएमडी सभागार में वैश्य सम्मेलन एवं मेधावी छात्र-छात्रा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक देवराज मित्तल, वैश्य समाज के अध्यक्ष बी.बी. कंसल व महामंत्री डा0 अनुज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मीडिया को बताया कि गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व राज्यसभा सदस्य व शिक्षाविद डा0 अनिल अग्रवाल, मेरठ केंट के विधायक अमित अग्रवाल, दिल्ली के प्रमुख समाज सेवी व उद्यमी जे.पी. मोदी, अ.भा. अग्रवाल सम्मेलन के उपाध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता, मेरठ के देवेंद्र गोयल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, वी.के. अग्रवाल व मयंक गोयल (गाजियाबाद) व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद्र भारतीय आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। राजकुमार एडवोकेट दीपक अग्रवाल संजय सिंघल अश्वनी गुप्ता अनिल गोयल संदीप मित्तल अभिषेक मुकेश गुप्ता क गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय पौधशाला कविनगर से रोगमुक्त और उच्च उत्पादकता वाले पौधे होंगे उपलब्ध

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि उत्पादन की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश ने एक अहम कदम उठाया है। जिले की राजकीय पौधशाला, आई-ब्लॉक कविनगर, गाजियाबाद में हाईटेक नर्सरी की स्थापना की गई है। इस नर्सरी में आधुनिक तकनीकों के सहारे गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री तैयार की जाएगी, जो न सिर्फ रोगमुक्त होगी बल्कि अधिक उत्पादन देने में सक्षम भी होगी। जिला उद्यान अधिकारी निधि सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हाईटेक नर्सरी का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत पौध सामग्री कम लागत पर उपलब्ध कराना है। इस नर्सरी से तैयार पौधों को नियंत्रित वातावरण में विकसित किया जाता है, जिससे उन पर रोग और कीट का असर लगभग नगण्य रहता है। इससे पौध उत्पादन की प्रक्रिया तेज और निश्चित हो जाती है, साथ ही किसानों का समय और मेहनत भी बचती है। निधि सिंह ने आगे बताया कि हाईटेक नर्सरी में टिशू कल्चर, शेडनेट हाउस और ग्रीन हाउस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। इन तकनीकों से तैयार पौधे अंतरराष्ट्रीय मानकों की गुणवत्ता वाले होंगे और स्थानीय मिट्टी व जलवायु के अनुकूल भी रहेंगे। इससे पौधों की सफलता दर अधिक होगी और किसानों को बीज तथा पौध सामग्री पर अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। विशेष सुविधा के तौर पर किसान अपनी फसल के बीज हाईटेक नर्सरी में उपलब्ध कराकर मात्र 1 रुपये प्रति पौधा की दर पर पौध तैयार करा सकते हैं।

# जुम्मे की नमाज पर पुलिस बल सर्तक, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** कानपुर में पोस्टर विवाद के बाद आज जुम्मे की नमाज के मौके पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एहतियात के तौर पर पुलिस बल अलर्ट रहा। मोदीनगर, भोजपुर, कलछीना, फरीदनगर तथा मुरादनगर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी व सर्किल सहायक पुलिस आयुक्त ग्रामीण जोन द्वारा आगामी त्योहारों/शुक्रवार की नमाज के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को सुदृढ करने तथा आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण किया गया। डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्र नाथ तिवारी, एसीपी मोदीनगर व एसीपी मसूरी लिपि नागाइच के अनुसार किसी भी अराजक तत्व को शांति पूर्ण व सदभावना भरे माहौल को बिगाड़ने की इजाजत नहीं है। अराजकता फैलाने वाले समाज विरोधी तत्वों पर पुलिस की कड़ी निगाह रही। सभी अधिकारियों ने दोनों दोनों सम्प्रदायों के लोगों से अपील की है कि वे परस्पर प्रेम व सदभाव तथा शांति, सुरक्षा व बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग करें तथा स्वयं भी संदिग्ध अराजक तत्वों की समाज विरोधी गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखें व पुलिस को पल-पल की सूचना दें।

# अमीरपुर बढ़ायला में सुनार की धोखाधड़ी, जेवरात और नकदी लेकर फरार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के अमीरपुर बढ़ायला गांव में सुनार द्वारा किए गए बड़े धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। गांव के कई लोग अपने जेवरात और नकदी देने के बाद अब इस सुनार के फरार होने से चिंतित हैं।

पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, अमीरपुर बढ़ायला निवासी मोहित ने पुलिस को तहरीर दी कि मुरादनगर के चर्च कंपाउंड निवासी छोटू ने उनके गांव में आभूषण की दुकान खोली थी। मोहित ने छोटू से सोने और चांदी के जेवरात बनवाए और उसके बदले में 5.90 ग्राम सोना और 58 हजार रुपये नकद दिए। मोहित ने आगे बताया कि जेवरातों में इस्तेमाल किए गए सोने की शुद्धता पर संदेह होने पर उन्होंने कहीं और जांच कराई। जांच में पता चला कि छोटू ने जेवरात बनाने में शुद्ध सोना इस्तेमाल नहीं किया था, जिससे मोहित को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। सिर्फ मोहित ही नहीं, बल्कि गांव के अन्य लोग भी छोटू के शिकार बने। दिनेश ने छोटू को जेवरात के लिए 40 हजार रुपये दिए थे, वहीं सुमन ने झुमके बनाने के लिए 20 हजार रुपये दिए। इसके अलावा मोहित नाम के एक अन्य व्यक्ति ने अपने गहने गिरवी रखकर 2 लाख रुपये हासिल किए थे। घटना से पता चलता है कि छोटू ने योजना के तहत अपनी दुकान चलाते हुए लोगों से नकदी और जेवरात इक्ठा किए और फिर अचानक दुकान बंद कर फरार हो गया। इस धोखाधड़ी के कारण गांव के कई लोग आर्थिक और मानसिक रूप से प्रभावित हैं।

# पुलिस टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में जागरूक किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5 के तहत स्कूल/कॉलेज व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाईन व महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में जागरुक किया गया व महिलाओं से सम्बन्धित सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से अवगत कराया गया।

स्कूल कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलो मे किये गये। कार्यक्रम मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत श्रीमान्-पुलिस आयुक्त के निदेर्शानुसार 03.10.2025 को ग्रामीण जोन कमिश्नरेट गाज़ियाबाद के थाना मोदीनगर में महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति टीम, पिंक बूथ एवं एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद, प्राथमिक विद्यालय गोविन्दपुरी, आदर्श कन्या इंटर कालेज व अन्य सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण कर महिला व छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। महिला व छात्राओं को बैड टच के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा या अपराध, असुरक्षा या समस्या होने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1930 आदि के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया।

# डीजीआर पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** डीजीआर पब्लिक स्कूल में 2 अक्टूबर 2025 को एनसीसी इकाई के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती तथा भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. सोनल चौधरी तथा चेयरमैन गुलबीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गांधी जी एवं शास्त्री जी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल शारीरिक वातावरण की ही नहीं बल्कि विचारों एवं समाज की प्रगति की भी नींव है। इस अवसर पर एनसीसी एएनओ गुड्डू गुप्ता, शारीरिक शिक्षा शिक्षक अतुल शिवाच, शिक्षकगण तरुण, सचिन सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में कैडेट्स एवं विद्यार्थी सक्रिय रूप से इस अभियान में शामिल हुए और स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन की ओर से आभार व्यक्त किया गया तथा सभी को समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया।

# तीन चोर और चार नाबालिग गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने शुक्रवार को चलाए गए विशेष अभियान में तीन चोरों और चार नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपी बंद मकान, मंदिर और फैक्टरी में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लोनी बॉर्डर थाना पुलिस जीनी डिपी के पास दिल्ली-सहारनपुर रोड पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि चोरी करने वाला गिरोह क्षेत्र में सक्रिय है और बंद मकानों में चोरी कर रहा है। पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर तीन मुख्य आरोपियों और उनके साथ चल रहे चार नाबालिगों को दबोच लिया। एसीपी अंकुर विहार और जान प्रकाश राय ने बताया कि एक अक्टूबर को क्षेत्र की एक फैक्टरी के मालिक ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम हिमांशु, गौरव और केशव निवासी करावल नगर बताए।

# भारतीय कायस्थ महासभा शास्त्री जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री पर एक कार्यक्रम अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद द्वारा सभा की अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ श्रीमती आस्था सौरिखिया के निवास स्थान गुलमोहर गार्डन, राजनगर ऐक्सटेंशन, गाजियाबाद पर आयोजित किया गया जिसमें अनेक वक्ताओं ने शास्त्री जी की सादगी, उनके सामान्य जीवन, दृढ़ संकल्प और उच्च विचारों पर अपने विचार रखे, प्रधानमंत्री के कार्यकाल में अनेक प्रभावशाली कार्यों के साथ साथ 1965 में पाकिस्तान के विरुद्ध ? युद्ध में अपने कौशल एवं सैन्य बल की शक्ति और जय जवान जय किसान के नारे के साथ विशेष जीत की विजय पताका फहराने के बाद विश्व में अपने साहस और क्षमता का परिचय दिया।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना, उपाध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, महामन्त्री दीपक श्रीवास्तव, उप महामन्त्री आशुतोष श्रीवास्तव, संगठन मन्त्री एस सी भटनागर, डी सी श्रीवास्तव, अतुल भटनागर, मोनिका श्रीवास्तव, विजय सक्सेना, मनोज भटनागर, अमित भटनागर, गीतिका श्रीवास्तव, मधु सक्सेना, आस्था सौरिखिया, अखिलेश सौरिखिया, सौरभ श्रीवास्तव, नीतू सक्सेना, प्रवीन माथुर, राजश्री सक्सेना, राजेश सक्सेना, रंजना श्रीवास्तव, गरिमा माथुर, नम्रता श्रीवास्तव, रितेश रंजन, ज्योति श्रीवास्तव, साधना विद्यार्थी, अन्जू सक्सेना एवं काफी संख्या में कायस्थ व अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

# गांव अबूपुर में जन समस्या के समाधान के लिए छठे दिन धरना जारी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** गांव अबूपुर में जन समस्या के समाधान के लिए छठे दिन धरना जारी जारी है ग्राम वासियों ने हुक्के पर चर्चा कर धरने की रूपरेखा तय की, 5 अक्टूबर तक कार्रवाई न होने पर ग्रामवासी धरने को भूख हड़ताल और व्यापक जनआंदोलन में बदल देंगे। ग्राम अबूपुर, मुरादनगर ब्लॉक झ निर्वाण फाउंडेशन के नेतृत्व में जन समस्या को लेकर स्वास्थ्य केंद्र के पास धरना लगातार छठे दिन भी जारी है। निर्माण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चंद्र ने बताया कि यह आंदोलन उन ग्रामवासियों के सहयोग से चल रहा है जो वर्षों से नालियों के जलभराव और गलत निर्माण के कारण अपने स्वास्थ्य, सुरक्षा और दैनिक जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नालियों का गलत दिशा में निर्माण लगातार जलभराव रहा है, जिससे स्वास्थ्य केंद्र और आसपास के घरों में गंभीर समस्या उत्पन्न हुई। स्वास्थ्य केंद्र के पास जलभराव के कारण मरीजों और बच्चों के आने-जाने में गंभीर कठिनाई। महिलाओं और बच्चों ने अपने दैनिक जीवन और स्कूल जाने में हो रही परेशानियों को धरना स्थल पर विस्तार से साझा किया। जय विन्द्र, सोनू, श्यामबीर, आदेश, अर्जुन, मनोज, सुमित, नितन चौधरी, गौरव, आकाश, मनोज गिरी, दीपक, कृष्ण, रमेश, संदीप, मुकुल राणा, आर्यन, रामकुमार, अरुण, सतेन्द्र, राहुल, बंटी, सुशील, सुरेश, आदि लोग धरने पर उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में नगर निकायों में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर निकायों में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और कार्ययोजनाएं वित्तीय वर्ष के अनुरूप तैयार की जाएं, ताकि विकास योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंच सके। बैठक में जिलाधिकारी ने राज्य वित्त आयोग, 15वें वित्त आयोग, अवस्थापना निधि, मुख्य नगर सर्जन योजना, बंधन योजना, मुख्यमंत्री नगरोदय वैश्विक योजना, पं. दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना, अन्त्येष्टि स्थल योजना एवं पेयजल योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं की प्रगति, अब तक हुए खर्च और अवशेष निधि की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को गति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं का मूल्य तभी है जब उनका सीधा असर जनजीवन की गुणवत्ता में सुधार के रूप में दिखाई दे। उन्होंने जोर देकर कहा कि नगर निकायों को कार्ययोजनाओं में पेयजल, सड़क, विद्युत, स्वच्छता, सौन्दर्यकरण, प्रकाश व्यवस्था, गौशालाओं, धर्मशालाओं और सरकारी भवनों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता से शामिल करना चाहिए। विशेष रूप से नगर पालिका मोदीनगर, खोड़ा-मकनपुर, लोनी, मुरादनगर तथा नगर पंचायत डासना, फरीदनगर, पतला और निवाड़ी से अधिशासी अभियंताओं, जेई तथा जल निगम के अधिकारियों से निकायवार योजनाओं की प्रगति और निधि उपयोग की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां जिस व्यवस्था की जरूरत पहले है, वहां उसी आधार पर सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों का विश्वास बढ़े और विकास का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचे। बैठक में एडीएम (ई) रणविजय सिंह, अधिशासी अभियंता, जल निगम के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चांसलर क्लब में होगा जीएसटी अभियान व्यापारी सम्मेलन





वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद द्वारा जीएसटी अभियान के तहत तीनों विधानसभाओं में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन करेगा। उसी कड़ी में मुरादनगर विधानसभा में विधायक अजीत पाल त्यागी के नेतृत्व में आगामी 4 अक्टूबर 2025 (शनिवार) को सायं 4:00 बजे चांसलर क्लब, चिरंजीव बिहार में व्यापारी सम्मेलन किया जाएगा। इस सम्मेलन में घटी जीएसटी आभार, व्यापारियों की समस्याओं एवं जीएसटी से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशेष जीएसटी वक्ता प्रदेश एवं महानगर नेतृत्व द्वारा घोषित किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुरादनगर विधानसभा के विधायक श्री अजीत पाल त्यागी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर जिले के समस्त व्यापारी संगठन, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष एवं टोली सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण शामिल होंगे। महानगर मीडिया प्रभारी एवं व्यापारी प्रदीप चौधरी ने बताया कि इस सम्मेलन में अधिक से अधिक व्यापारी भाग लें ताकि व्यापार जगत की आवाज को और सशक्त बनाया जा सके।

# जिलाबदर अपराधी की हत्या मामले में बीट अधिकारी और चौकी प्रभारी निलंबित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में एक जिलाबदर अपराधी की हत्या ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बेहटा हाजीपुर निवासी प्रेमचंद के 22 वर्षीय पुत्र विशाल की बीती शाम करीब साढ़े पांच बजे घर के पास ही भीड़ द्वारा की गई मारपीट में मौत हो गई। जांच में यह खुलासा हुआ कि विशाल जिलाबदर अपराधी था और कमिश्नरेट की सीमा से बाहर रहने का आदेश उसे छह माह के लिए दिया गया था।

बावजूद इसके वह अपने घर पर रह रहा था। घटना के अनुसार, विशाल घर से किसी कार्य से जा रहा था। इसी दौरान दूसरे मोहल्ले के चार से पांच युवकों के साथ पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। आरोपियों ने विशाल पर हमला शुरू कर दिया। शोर सुनकर उनके परिजन और साथी भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान हमलावरों ने विशाल के सिर पर ईंट से प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन गंभीर चोटों के कारण विशाल उपचार के दौरान ही दम तोड़ दिया। घटना ने पूरे इलाके में सनसनी मचा दी और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने मामले की जांच के दौरान बताया कि मृतक विशाल पर जिलाबदर का आदेश था, जिसे उल्लंघन करने के बावजूद वह घर पर रह रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि घटना के समय बीट पुलिस अधिकारी और चौकी प्रभारी की लापरवाही स्पष्ट रूप से नजर आई।

# मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की तैयारियों पर जिलाधिकारी की कड़ी निगरानी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में आगामी विशेष पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), आरओ व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदेय स्थलों में अनुभागों का सृजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदेय स्थल पर दो से कम अनुभाग नहीं होने चाहिए। यह कदम मतदाता सूची के सुव्यवस्थित प्रबंधन व सटीकता के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए बी.एल.ओ. के माध्यम से त्रुटियों को चिह्नित कर तत्काल सुधार कराया जाए। इसके साथ ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार 100 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं का विशेष सत्यापन अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने आगामी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाताओं का मिलान 2025 की मतदाता सूची से किया जाए। इस प्रक्रिया को भी बी.एल.ओ. के माध्यम से पूरी जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराया जाए। बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण केवल औपचारिकता न होकर पूर्ण पारदर्शिता, सटीकता और विश्वसनीयता का परिचायक होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो और अपात्र का नाम समय से हटाया जाए, यही लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, आरओ और अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि वे समयबद्ध ढंग से कार्ययोजना तैयार करें और निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सभी कार्य पूरे करें।


# गोविंदपुरम अनाज मंडी में व्यापारी पर हमला कर फरार हुए तीन बदमाश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम अनाज मंडी में गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक व्यापारी पर तीन बदमाशों ने हिंसक हमला कर उसे घायल किया और 20 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैलाई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने देर रात लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कुशलिया निवासी और गोविंदपुरम अनाज मंडी के व्यापारी अंकित गोयल शाम को अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सद्दाम, उनके भाई साकिब उर्फ बाबर और सलीम ने उन्हें देखा। आरोपियों और अंकित के बीच संकरी सड़क पर वाहन बैक करने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढे के बाद आरोपियों ने हिंसक रूप धारण कर लिया और अंकित पर हमला कर दिया। पीड़ित अंकित गोयल ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें पीटा और जेब से 20 हजार रुपये छीन लिए। घटना के दौरान उनका चोटिल होना और मानसिक तनाव में आना स्वाभाविक था। इस हमले ने न केवल व्यापारी की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया, बल्कि आसपास के लोगों में भी भय और चिंता पैदा कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिकायत के आधार पर मसूरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों के बयानों के आधार पर पुलिस आरोपियों का पता लगाने में जुटी है। स्थानीय लोग इस घटना से चिंतित हैं और पुलिस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# अवैध निर्माणों पर सीलिंग और ध्वस्तीकरण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने इंदिरापुरम क्षेत्र में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ भारी कार्यवाही की है। उपाध्यक्ष जीडीए के दिशा-निदेशों के क्रम में शुक्रवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-06 के नेतृत्व में इंदिरापुरम आवासीय योजना के विभिन्न भूखण्डों में सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत शक्तिखण्ड-2 के भूखण्ड संख्या-77, नीतिखण्ड-2 के भूखण्ड संख्या-15, नीतिखण्ड-1 के भूखण्ड संख्या-554 को सील किया गया। इसके अतिरिक्त शक्तिखण्ड-2 के भूखण्ड संख्या-89 और 90 पर ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई अंजाम दी गई। यह कार्रवाई उन भूखण्डों पर हुई, जहाँ बिना अनुमति के निर्माण किए गए थे और जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। कार्यवाही के दौरान प्रभारी प्रवर्तन जोन-6, सहायक अभियंता, अवर अभियंता और प्रवर्तन जोन-06 के सभी स्टाफ के साथ जीडीए पुलिस बल भी मौजूद रहा। टीम ने पूरी सतर्कता और समन्वय के साथ कार्रवाई को निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से संपन्न किया। जीडीए अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यवाही इंदिरापुरम में नियमों और शहरी नियोजन के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। अवैध निर्माण और अतिक्रमण न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि शहर के सामान्य नागरिकों के जीवन में असुविधा और सुरक्षा संबंधी समस्याएँ भी उत्पन्न करते हैं। प्रवर्तन अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की कार्रवाईयों का उद्देश्य केवल अवैध निर्माण हटाना नहीं है, बल्कि शहरवासियों के लिए सुरक्षित, व्यवस्थित और व्यवस्थित आवासीय वातावरण सुनिश्चित करना है।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बीती रात शहर में कोतवाली नगर पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब एसीपी रितेश त्रिपाठी और एसएचओ मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आर्य फार्म हाउस के पास चेकिंग के दौरान दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद दबोच लिया।

मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी दौड़ लगाकर भागने की कोशिश में पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस के मुताबिक, देर रात चेकिंग के दौरान बाइक पर सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह बाइक समेत गिर पड़ा। मौके का फायदा उठाकर भाग रहे उसके साथी को भी पुलिस टीम ने पीछा कर धर दबोचा। एसीपी कोतवाली नगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान शिवा उर्फ शिवम निवासी नंदपुर, रामपुर मनिहारन (जिला सहारनपुर) हाल राजीव कॉलोनी, मोहननगर साहिबाबाद के रूप में हुई है। उसका साथी मुकेश निवासी ग्यासपुर, अतरौली (अलीगढ़) हाल राजीव कॉलोनी है। दोनों पर पहले से ही कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं और ये पुलिस को लंबे समय से वांछित थे। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों बदमाशों के कब्जे से लूट के कई मोबाइल फोन, एक तमंचा, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद की।

# संगठन व सरकार के बेहतर समन्वय से गाजियाबाद विकास का मॉडल बनेगा : असीम अरुण



वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं गाजियाबाद प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने अपने जन्मदिन के अवसर को एक नई दिशा देते हुए विकास को समर्पित किया। उन्होंने शुक्रवार को आयोजित ऑनलाइन मैराथन बैठक में संगठन और शासन-प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर गाजियाबाद को विकास की नई रफ्तार देने पर जोर दिया। बैठक की शुरूआत में सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रभारी मंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं, जिस पर मंत्री ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झ

ऱ्मेरा जन्मदिन तभी सार्थक होगा जब हम गाजियाबाद को विकास का मॉडल शहर बनाने में सफल होंगे। बैठक में जिलाधिकारी रविंद्र मादड़, कमिश्नर रविंद्र गौड़, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह, सदर विधायक संजीव शर्मा और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई नगर निगम का हाउस टैक्स बढ़ोतरी का मुद्दा प्रमुखता से रखा गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने खोडा नगर पालिका की सड़क, स्वच्छता, जल निकासी व पेयजल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को तत्काल पूरा करने की मांग की। उन्होंने राजनगर डिस्टिक सेंटर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और बंद किए गए मार्ग को खोलने का भी प्रस्ताव रखा। विधायक संजीव शर्मा ने अपने विधानसभा की विकास योजनाओं के साथ-साथ नगर निगम हाउस टैक्स को जनता पर भारी बोझ बताते हुए इसे तर्कसंगत बनाने पर जोर दिया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर और जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह ने लोनी क्षेत्र की सड़क, जलभराव, ट्रैफिक और पुलिस व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने सभी बिंदुओं पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा गाजियाबाद को विकास का मॉडल शहर बनाने के लिए 100 प्रमुख चौराहों का सौंदर्यकरण, औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, सीवर, विद्युत व अन्य सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण और व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस विभाग को और भी मुस्तैदी से परफॉर्म करना होगा और कानून-व्यवस्था सुधारना प्राथमिकता होगी। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने हेतु सभी बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री ने कहा कि गाजियाबाद को उत्तर प्रदेश के अग्रणी शहर के रूप में स्थापित किया जाएगा।

# अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेकर तुरंत करें कार्रवाई: जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में आज बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग सहित कई विभागों से संबंधित शिकायतें व प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को सौंपे गए। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी बातों को समझते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

श्री माँदड़ ने प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित रूप से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निदान की प्रक्रिया केवल औपचारिकता न होकर ऐसी होनी चाहिए, जिससे आमजन को वास्तविक राहत मिले। उन्होंने विशेष रूप से अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को मौके पर ही गंभीरता से सुनकर तत्काल कार्रवाई शुरू करें।

